तापमान

अधिकतम 39.6 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 4 मई 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



बीच से आने-जाने के लिए असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया गौरवपथ का डिवाइडर।

## खबर संक्षेप

### टिटलागढ़ पैसेंजर के पहिए थमेंगे आज



**बिलासपुर।** संबलपुर मंडल के बलांगीर सेक्शन में पावर ब्लाक के कारण टिटलागढ़ पैसेंजर के पहिए सोमवार को थमे रहेंगे। रेलवे के अनुसार पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर मंडल के बलांगीर और संबलपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग, डि लांचिंग कार्य हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी 58213/58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर 4 मई सोमवार को रद्द करने का आर्डर जारी किया गया है।

### गेवरारोड से पैसेंजर नहीं छूटेगी आज

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने गेवरारोड से रायपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर को रद्द करने का आर्डर जारी किया है, जिसके कारण ट्रेन 4 मई सोमवार को गेवरारोड से रवाना नहीं की जाएगी। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा सेक्शन में रिलिविंग गर्डर डी लांचिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में 3 मई रविवार को 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर और 4 मई सोमवार को 68745 गेवरारोड-रायपुर पैसेंजर को रद्द किया गया है।

# कुकिंग गैस की किल्लत या साजिश? बैगा रिसार्ट के कैंटीन में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सिलेंडर नहीं मिलने से सरकारी कैंटीन हो गई बंद
- सैलानी हो रहे हलाकान




अलग खबर

वन विभाग ने अचानकमार टाइगर रिजर्व की सैर करने वाले सैलानियों के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर शिवतराई में रिसार्ट बनाया है, इस रिसार्ट में आलीशान कैंटीन बनाई गई है, जहां से सैलानियों को सस्ते में चाय, नाश्ता और भोजन मिलता रहा है। पिछले एक डेढ़ महीने से इस कैंटीन में ताला लटक रहा है, इससे इस रिसार्ट में सन्नाटा पसरने लगा है। वन विभाग के अधिकारी कैंटीन बंद होने के पीछे कुकिंग गैस की किल्लत का हवाला दे रहे हैं, लेकिन अधिकारियों का यह तर्क किसी के गले नहीं उतर रहा है। आशंका जताई जा रही है कि यहां ताला लटकाकर कहीं आसपास के निजी रिसाट्र्स को लाभ दिलाने का प्रयास तो नहीं हो रहा है।

एटीआर के कोर जोन में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या दिन-प्रतिदिन काफी बढ़नी शुरु हो गई है। यहां भ्रमण करने के लिए सैलानियों को जिप्सी की सुविधा दी जाती है, जिसके लिए ऑनलाइन बुकिंग करनी पड़ती है। भ्रमण करने वाले सैलानियों में शहर के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं। सैलानियों के रूकने और भोजन एवं नाश्ते के लिए एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बेरियर के पास ही एक बैगा रिसॉर्ट बनाया है, जिसकी देखभाल समिति के हाथों में दे दी गई है। कुछ दिन पहले यहां का रिसॉर्ट और अन्य सारे सामान जर्जर होते जा रहे थे, जिसे वर्तमान में काफी व्यवस्थित कर लिया गया है। प्रबंधन के अनुसार सैलानियों की संख्या बढ़ने के कारण एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बैगा रिसॉर्ट कैम्पस में सैलानियों को रोमांचक बनाने के लिए सेल्फी पाइंट तैयार कराया गया है। बैगा रिसार्ट परिसर में पार्किंग एरिया, पूछताछ केन्द्र, सफारी बुकिंग, सोविनियर शॉप, टाइगर कैंटीन, स्वीमिंग पुल, डायरेक्शन बोर्ड एवं सभी कमरों में कमरा नम्बर एवं नाम का साईन बोर्ड लगाया गया है। सभी साईनेगजस बोर्ड सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बना है। वहीं सैलानियों को नए सेल्फी साईन बोर्ड के साथ सेल्फी लेना भी बहुत पसंद आ रहा है। प्रतिवर्ष एटीआर में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ रही है, जिससे प्रबंधन को भी अच्छी खासी आय हो रही है।

इसके अलावा एटीआर में भ्रमण करने वाले सैलानियों के लिए बैगा रिसार्ट शिवतराई में एक टाइगर कैंटीन भी बनाई गई है, जिसे भी प्रबंधन ने समिति के हाथों में सौंप दिया है। इस कैंटीन में नाश्ता, चाय से लेकर सैलानियों को भोजन की सुविधा मिल रही थी, लेकिन अचानक अमेरिका और ईरान के बीच चलने वाली जंग के बाद कैंटीन के दरवाजे पर ताला लग गया है।

कैंटीन और रिसॉर्ट में रहने वाले कर्मचारियों का कहना है कि डेढ़ माह से सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिसकी वजह से भोजन, नाश्ता चाय पकाने में दिक्कतें हो रही हैं। इसके कारण कैंटीन को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### व्यवस्था करने दो किमी वापसी

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में भ्रमण करने वाले सैलानियों के लिए खाने पीने की व्यवस्था का साधन शिवतराई का टाइगर कैंटीन है। कैंटीन बंद के संबंध में कई सैलानियों का जानकारी नहीं है। शिवतराई में पहुंचकर जिप्सी व अन्य गाड़ियों में भ्रमण के लिए बुकिंग के बाद सैलानियों को कैंटीन में ताला बंद देखने के बाद खान-पान की व्यवस्था करने के लिए दो किलोमीटर वापस गांव की ओर रूख करना पड़ता है।

### चूल्हे से आग का खतरा

कर्मचारियों का कहना है कि कैंटीन में इंडक्शन की भी सुविधा है, लेकिन बिजली की परेशानी के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। चूल्हा जलाकर नाश्ता, भोजन व अन्य खाने-पीने की व्यवस्था तो की जा सकती है। चूल्हा जलाने के बाद आग लगनें का खतरा अधिक है, क्योंकि यहां पेड़ों के अलावा सूखे पत्ते चारों ओर गिरे हुए हैं। हल्की सी चिंगारी के कारण आग पूरे जंगल में फैल सकती है, जिसकी वजह से चूल्हे का उपयोग भी नहीं किया जा सकता है।

### थोड़ी परेशानी

शिवतराई के कैंटीन में सैलानियों के लिए खान-पान की सुविधा है। यहां खाने-पीने के सामान पकाने के लिए इंडक्शन व अन्य व्यवस्था भी है। सबसे बड़ी समस्या सिलेंडर की है, कैंटीन वालों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। यह समस्या भी जल्द दूर कर ली जाएगी।

- **यू आर गणेश,** डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# तेज धूप के आगे सब बेबस, पारा 39.6 डिग्री, उसम और गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गर्मी के सितम एक बार फिर लोगों को बेचैन करने के लिए तैयार है। रविवार की सुबह से ही सूर्य देवता ने अपने तेवर दिखाएं और दोपहर 1 बजे तक गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई। इस दौरान तीखी धूप के नीचे हर कोई बेबस नजर आता रहा और पारा 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा। भले ही यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम है, लेकिन गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

मौसम में लगातार उलट फेर से अधिकतम तापमान के पारे में मामूली कमी आई है, लेकिन तेज धूप गर्मी की सारी तैयारियों पर पानी फेर रहा है, कूलर और एसी के सामने से हटते ही लोगों को पसीना आने लगता है। दिन में सड़कें सूनी हो रही है और लोगों को शाम के बाद ही घर से बाहर निकलना गवारा हो रहा है। रविवार को सुबह से ही आसमान से शोले बरसते रहे, दूधिया तीखी किरणों के आगे लोगों की त्वचा का रंग उठने लगा, रविवार होने के कारण सड़कों पर आवाजाही भी कम रही लेकिन धूप के मारे लोगों ने बाहर निकलना सही नहीं समझा, खास बात यह है कि मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश की आशंका व्यक्त की है लेकिन बिलासपुर इससे अछूता रहा, यही कारण है कि गर्मी के कारण लोगों को पस्त होना पड़ रहा है।

### बनी हुई है द्रोणिका

मौसम विभाग के अनुसार पंजाब से हरियाणा और मध्यप्रदेश से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के बीच चक्रवाती परिसंचरण के कारण द्रोणिका बनी हुई है। इसके साथ ही निम्न दबाव का क्षेत्र छत्तीसगढ़ से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु होते हुए कोमोरिन क्षेत्र तक समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई में स्थित है। जिसके चलते प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र में बारिश व आंधी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी चलने की आशंका व्यक्त की है।

# आरक्षक की मौत के मामले में हास्पिटल प्रबंधन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में पुलिसिया जांच तेज हो गई है। पीएम के बाद सिविल लाइन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व इलाज संबंधी सम्पूर्ण दस्तावेज थाने में पेश करने श्रीराम केयर हास्पिटल प्रबंधन को नोटिस भेजा है।

सिविल लाइन पुलिस ने नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर हास्पिटल प्रबंधन को मृतक सरकण्डा थाने के आरक्षक सत्या पाटले की भर्ती से लेकर मृत्यु तिथि तक जिस वार्ड में वह भर्ती था, जहां उसके पथरी का आपरेशन किया गया आपरेशन थियेटर व जहां उसका डायलिसिस किया गया, वहां का सीसीटीवी फुटेज व आरक्षक के इलाज संबंधी सम्पूर्ण दस्तावेज में थाने में जमा कराने कहा है। बहरहाल सोमवार को पुलिस को मृतक आरक्षक के शार्ट पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिल जाएगी। उसके आधार पर पुलिस की जांच का दायरा और बढ़ेगा। एक दिन पहले 2 मई को परिजन न्यायिक जांच की मांग पर अड़े हुए थे। काफी समझाइश के बाद 24 घण्टे बाद चार डाक्टरों की टीम के द्वारा वीडियोग्राफी के साथ उसका पोस्टमार्टम किया गया था।

ज्ञात हो कि आरक्षक पाटले को किडनी में पथरी की शिकायत थी। पिछले 10 दिनों से उनका श्रीराम केयर हास्पिटल में इलाज चल रहा था। गुरूवार को आरक्षक के पेट से 10 एमएम की पथरी आपरेशन कर निकाला गया था। 24 घण्टे के भीतर संक्रमण फैलने से उन्हें फिर से भर्ती कराया गया। शुक्रवार की शाम 6 बजकर 12 मिनट में उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हास्पिटल में जमकर हंगामा मचाया गया था।



इलाज के दौरान आरक्षक की मौत, अस्पताल में हंगामा

1 दिन में 3 एमएम का गई पथरी

न्यायिक जांच की मांग पर अड़े रहे परिजन, 24 घंटे बाद हुआ पीएम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।




### कार्रवाई का असर समाप्त

# बृहस्पति बाजार चौक में फिर लगने लगे ठेले

- शाम सात बजते ही लग जाता है मेला

**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार चौक में ठेले व सब्जियों की दुकान से सड़क एक बार फिर गुलजार नजर आने लगी है। बीते दिनों नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा बृहस्पति बाजार मार्ग, खासकर चौक में अभियान चलाकर फल ठेले व बीच सड़क पर सब्जी बेचने वालों को खदेड़ा गया था। कुछ समय तक ठीक रहने के बाद यहां फिर से अतिक्रमण नजर आने लगा है।

पंद्रह दिनों के भीतर ही बृहस्पति बाजार चौक पर नगर निगम द्वारा चलाया गया अभियान फीका पड़ने लगा है। चौक पर फल ठेले एवं सब्जी विक्रेताओं ने एक बार फिर दुकान लगानी शुरू कर दी है। शाम सात बजते ही ठेले वाले एक-एक कर जुटने लगते हैं। पार्किंग की जगह नहीं होने के कारण यह स्थान सब्जी खरीदने वालों के वाहन से पहले ही खचाखच भरा रहता है।

# सिम्स और जिला अस्पताल के कैंटीन का निरीक्षण

- दुकान से केक का नमूना जब्त

**बिलासपुर।** विशेष अभियान के तहत फूड एंड ड्रग सेफ्टी विभाग द्वारा दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार को खाद्य प्रतिष्ठानों, अस्पताल कैंटीनों एवं केक विक्रेता फर्मों का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल द्वारा सिम्स अस्पताल कैंटीन, जिला अस्पताल कैंटीन के साथ ही केक विक्रेताओं के दुकानों की जांच की गई। इस दौरान यूटोपिया केक शॉप से केक का नमूना लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया। जांच के दौरान खाद्य कारोबार संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विक्रेताओं को कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से हैंड ग्लव्स और हेड कवर उपयोग करने, खाद्य लाइसेंस प्रदर्शित करने, पेयजल जांच रिपोर्ट उपलब्ध रखने तथा कर्मचारियों का नियमित मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश दिया गया। निरीक्षण दल ने कहा कि निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। भियान में अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

केन्द्र द्वारा बिलासपुर को साढ़े 8 करोड़ रुपए की राशि पहले ही दे दी गई है

# राज्य से नहीं हो सका अनुबंध, केन्द्र ने रोकी शहर में दौड़ने वाली 50 ई- सिटी बसों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट बनाया जा रहा



शहरवासियों को ई सिटी बस सेवा की मिलने वाली सौगात केन्द्र और राज्य के बीच होने वाले अनुबंध के चक्कर में फंस गई है। इसमें लगातार हो रही देरी के कारण ई बसे बिलासपुर नहीं पहुंच पा रही हैं। हालांकि केन्द्र द्वारा बिलासपुर को साढ़े 8 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है। इसमें 5 करोड़ में कोनी में बस डीपो के लिए, डेढ़ करोड़ चार्जिंग स्टेशन के लिए और 2 करोड़ रुपए सब स्टेशन के लिए मिले हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही ई बसें बिलासपुर में दौड़ने लगेंगी।

ज्ञात हो कि नगर निगम द्वारा दावा किया गया था कि दिवाली पर शहर वासियों को ई बस सेवा की सुविधा मिल जाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी करने की बात भी कही गई थी। हालांकि इसके बाद से इसमें लगातार देरी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि हमारी तैयारी पूरी है लेकिन केन्द्र से ई बसें नहीं आ पा रही हैं।

गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन और रखरखाव के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग सेंटर सहित अन्य आधारभूत कार्य किए जा रहे हैं। इसमें सबसे पहले सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स काम शुरू किया गया है। इसके लिए 2500 केवीए का सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा और ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। विद्युत वितरण कंपनी को भी डेढ़ करोड़ रुपए निगम की ओर से दे दिए गए हैं। चार्जिंग स्टेशन सब स्टेशन बनकर लगभग तैयार है। ट्रांसफार्मर भी लगाया जा रहा है।

### शहर को मिलेंगी प्रदूषण मुक्त बसें

गौरतलब है कि योजना के तहत बिलासपुर में कुल 50 ई-बसें चलेंगी। पहले चरण में 9 मीटर लंबी 35 एसी बसों का संचालन होगा। प्रत्येक बस में 27 यात्री बैठकर और 15 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। सब स्टेशन के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य का 2 करोड़ का ठेका नरेंद्र चित्रकार को और सिविल वर्क का 6 करोड़ का ठेका अविनाश बिल्डकॉन को दिया गया है।

### जल्द शुरू होगी सेवा

कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट के लिए केंद्र शासन की ओर से राशि मिली है। केन्द्र से ई बसें मिलने के बाद जल्द ही शहर में प्रदूषण रहित सिटी बस शुरू होने की संभावना है। इसके लिए 2500 केवीए के विद्युत सब स्टेशन का काम पहले पूरा कराया जा रहा है। चार्जिंग प्वाइंट भी बना लिया गया है।

- **अनुपम तिवारी,** नोडल अधिकारी सिटी बस

### टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर हो रहा तैयार

निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर सूडा नोडल एजेंसी है और शहरी स्तर पर जिला अर्बन सोसायटी इसका संचालन करेगी। जिला अर्बन सोसायटी बिलासपुर द्वारा ड्राइंग डिजाइन और नक्शा तैयार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएम ई बस सेवा के तहत बिलासपुर को 50 बस मिलनी हैं। ई बसों मिलने से पहले स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक बसों के लिए टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है।

### 13 चार्जिंग प्वाइंट, वेटिंग रूम, वर्कशॉप बनेंगे

सिटी बस डिपो में कुल साढ़े 5 एकड़ एरिया में इलेक्ट्रिक बसों के हिसाब से टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जा रहा है। यहां 13 चार्जिंग प्वाइंट, यात्री प्रतीक्षालय, वर्कशॉप ऑफिस, पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है। सिटी बस डिपो के सिविल इंफास्ट्रक्चर के लिए केंद्रांश 5 करोड़ 2 लाख, राज्यांश 3 करोड़ 35 लाख और पावर इंफास्ट्रक्चर के लिए 3 करोड़ 8 लाख मिलाकर कुल 11 करोड़ 45 लाख की नोडल एजेंसी सूडा द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।



## सिम्स के डॉक्टरों ने की रिविजन सर्जरी मरीज को मिला नया जीवनदान

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जटिल चिकित्सा प्रक्रिया के तहत 32 वर्षीय युवक को फिर से चलने लायक बना दिया। गिरने के कारण हिप रिप्लेसमेंट डैमेज हो गया, डाक्टरों ने रिविजन टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी द्वारा दोबारा सामान्य जीवन की राह पर लौटा दिया। सिम्स की उन्नत चिकित्सा सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की दक्षता के कारण यह इलाज संभव हो सका है। शहर का अमन कश्यप का एक वर्ष पूर्व सिम्स में दोनों कूल्हों का सफल प्रत्यारोपण किया गया था, ऑपरेशन के बाद मरीज तेजी से स्वस्थ होकर सामान्य दिनचर्या जी रहा था, लेकिन घर पर अचानक गिर जाने से उसके कूल्हे में लगाए गए इम्प्लांट अपनी स्थिति से खिसक गए। इसके बाद मरीज को तेज दर्द, चलने में कठिनाई और कूल्हे में अस्थिरता की समस्या होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर मरीज ने सिम्स के अस्थिरोग विभाग में संपर्क किया। डॉ. संजय घिल्ले की सलाह पर किए गए एक्स-रे परीक्षण में पता चला कि इम्प्लांट की पोजिशन गंभीर रूप से प्रभावित हो चुकी है। इसके बाद डाक्टरों ने तत्काल रिविजन टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी करने का निर्णय लिया गया।

### अनुभवी डाक्टरों ने की सर्जरी

सिम्स में जटिल और उच्चस्तरीय सर्जरी सफलतापूर्वक की जा रही हैं। आधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और समर्पित टीमवर्क के माध्यम से मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और किफायती उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन

### आयुष्मान से हो रहा इलाज

रिविजन हिप रिप्लेसमेंट जैसी चुनौतीपूर्ण सर्जरी का सफल होना हमारे चिकित्सकों की कुशलता, अनुभव और समर्पण को दर्शाता है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपचार मिल रहा है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक

# हेल्थ स्पेशल: उच्च चिकित्सा अनुसंधान से मिले उचित समाधान



32 INTACT डेन्टल क्लीनिक
डॉ. सुधांशु त्रिपाठी B.D.S., FAGE (Manipal)

★ दूरबीन पद्धति द्वारा डिजिटल दंत चिकित्सा प्रदान करने वाला शहर का एकमात्र संस्थान
★ पारदर्शी एलाइनर पद्धति द्वारा टेढ़े मेढ़े दाँत सीधा करना
डॉ. सुधांशु त्रिपाठी
B.D.S. FAGE (Manipal)
H2/44, नर्मदा नगर, सिद्ध शिखर अपार्टमेंट के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
07752359877, 7748087852

## आईवीएफ तकनीक आधुनिक युग में मातृत्व की आशा

आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) एक आधुनिक प्रजनन तकनीक है, जो बांझपन से जूझ रहे दंपतियों को माता-पिता बनने का अवसर देती है। इस प्रकृति में महिला के अंडानु तथा पुरुष के शुक्रानु को शरीर से बहार आईवीएफ प्रयोगशाला में मिलाया जाता है, और मशीन में भ्रूण बनाया जाता है, बाद में महिला के गर्वाशय में इस भ्रूण को प्रत्यारोपण किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में आईवीएफ टैक्निक उन दम्पट्टी के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर उभरी है, जिन्हे किसी करण से संतान सुख नहीं मिल पाता है

**आईवीएफ की जरूरत किसे है**

यदि आपका डॉक्टर आपको IVF कराने की सलाह देता है तो उसके लिए निम्न कारण हो सकते हैं: स्पर्म कम होने की स्थति में, PCOD जैसी स्थितियों के कारण ओव्यूलेशन में समस्या, फैलोपियन ट्यूब के साथ समस्याएं, यदि दम्पति में से किसी ने नसबंदी कराई है एंडोमेट्रोसिस, अन्य फर्टिलिटी इलाजों के असफल हो जाने पर

**क्या हर निःसंतान दंपतियों को आईवीएफ की जरुरत होती है ?**

नही. हमारे यहाँ सृजन हॉस्पिटल में हम सबसे पहले दंपतियों का उचित जांच करते हैं। कुछ जरूरी हार्मोनल टेस्ट और सोनोग्राफ़ी करते हैं. बहुत सारे दंपत्ति केवल उचित दवाइयाँ से ही गर्भधारण कर सकते हैं. कुछ मामलों में आईयूआई की जरुरत होती है , जो की आईवीएफ से काफी कम लागत में हो जाता है. हिस्टेरोस्कोपी और लैप्रोस्कोपी की प्रक्रिया से बंद फलोपियन ट्यूब खोलने की प्रक्रिया भी हमारे अस्पताल में किया जाता है.आपके डॉक्टर आपको उचित सलाह दे सकते हैं , कि आपको आईयूआई (IUI), आईसीएसआई (ICSI), आईवीएफ (IVF), या सर्जरी, इनमें सेकौंन सी उपचार की जरुरत हैऔर क्यों.हम यहाँ आपको सलाह देना चाहेंगे कि किसी भी प्रकार की प्रक्रिया का प्रयोग करने से पहले IVF डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

**बांझपन की समस्या आजकल ज्यादा क्यों हो रही है**

जीवनशैली में बदलाव जैसा तनाव, चिंता, प्रदुषण, मोटापा, और खान पान की आदतों में बदलाव नेमहिला और पुरुष दोनों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित किया है. अधिक धूम्रपान, शराब, और तम्बाकू सेवन से पुरुषो में बांझपन बढ़ रहा है। बांझपन की समस्या को अब भी हमारे समाज में गलत निगाह से देखा जाता है. लेकिन आपको बांझपन की वजह से शर्माने या घबराने की कोई जरुरत नहीं है, क्यूंकि इस समस्या से केवल आप अकेलेजुझ नहीं रहे हैं. दुनिया भर में हर छह में से एक दम्पट्टी को यह समस्या है.

**बांझपन के लिए उपलब्ध है नए उपचार और उन्नत तकनीक**

पीजीएस (PGS) और एनआईपीटी (NIPT) के जरिये हम भ्रूण की आनुवंशिक गुण पता लगा सकते हैं. प्री-इम्प्लांटेशन जेनेटिक स्क्रीनिंग सफल परिणाम की संभावना को बढ़ा सकती है, क्योंकि यह भ्रूणों में डाउन सिंड्रोम जैसे गुणसूत्र संबंधी विकारों की जांच करती है। ये तकनीकें हमारे क्लीनिक में उपलब्ध हैं।साथ ही हमारे अस्पताल में Egg freezing, laser hatching और ब्लास्टोसिस्ट कल्चर की सुविधा भी उपलब्ध है।



डॉ. सोमा घोषाल चटर्जी
M.S. OBS & GYNAE, BHU (GOLD MEDALIST)
INFERTILITY SPECIALIST

माँ होने का सपना पूरा कीजिए...
Srijan Infertility center
Srijan Hospital & Test Tube Baby Center
सृजन IVF हॉस्पिटल बिलासपुर

डॉ. सोमा घोषाल चटर्जी
MS OBS & GYNAE, BHU (GOLD MEDALIST)
MRCOG (LONDON).
INFERTILITY SPECIALIST
हाई सक्सेस रेट
अत्याधुनिक IVF लैब
IVF, IUI, ICSI
टेस्ट ट्यूब बेबी

● सोनोग्राफ़ी (SONOGRAPHY)
● स्त्री एवं प्रसूति रोग सभी उपचार
● शल्य चिकित्सा / सर्जरी (SURGERY)
● LAPAROSCOPY, HYSTEROSCOPY
सोनोग्राफी और पैथोलॉजी में 25% की छूट
T&C Apply
निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क परामर्श
पंजीयन के लिए : 07752-449791
समय : सुबह 10:00A.M. से 7:00 P.M. बजे तक
36 सिटी मॉल के सामने, ऐक्सिस बैंक के ऊपर, मंगला चौक, बिलासपुर 9755016949

## माइग्रेन का कारण कहीं आपके दांतों की गड़बड़ी तो नहीं

आजकल माइग्रेन और बार-बार होने वाले सिरदर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है। कई लोग इसे केवल तनाव या नींद की कमी से जोड़ते हैं, लेकिन नई शोधों में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है-दांतों की गलत बनावट (मैलोक्लूजन) और जबड़े की समस्या भी इसका एक बड़ा कारण हो सकती है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, जिन लोगों के दांत सही तरीके से नहीं मिलते या जबड़े (TMJ) में समस्या होती है, उनमें सिरदर्द और माइग्रेन की शिकायत ज्यादा पाई जाती है। एक शोध में पाया गया कि माइग्रेन के मरीजों में जबड़े की समस्या (TMD) और दांतों की गड़बड़ी सामान्य लोगों की तुलना में अधिक होती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जब दांत सही तरीके से नहीं मिलते, तो जबड़े की मांसपेशियों पर लगातार दबाव पड़ता है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द होता है, जो धीरे-धीरे सिर तक पहुंचकर माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। इसके अलावा, दांत पीसने (ब्रुक्सिज्म) और जबड़ा कसने की आदत भी माइग्रेन से जुड़ी पाई गई है। ऐसे मरीजों में जबड़े और चेहरे की मांसपेशियां ज्यादा सक्रिय रहती हैं, जिससे सिरदर्द की समस्या बढ़ जाती है। हाल ही के अध्ययनों में यह भी बताया गया है कि TMD और माइग्रेन दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए दर्द के रोग हैं और अक्सर साथ-साथ पाए जाते हैं। कहां मिले सही इलाज-बिलासपुर में 32 Intact Multispeciality Dental Clinic में माइग्रेन से जुड़े डेंटल कारणों की जांच और आधुनिक उपचार उपलब्ध हैं। अगर आपको बार-बार माइग्रेन होता है, तो केवल दवा पर निर्भर न रहें हो सकता है समाधान आपके दांतों में छिपा हो।



डॉ. सुधांशु त्रिपाठी
B.D.S. FAGE (Manipal)

## जोड़ों और हड्डियों की जटिल समस्या का भरोसेमंद समाधान रामा केयर वेल हॉस्पिटल

आज के भागदौड़ भरे जीवन में गठिया (Arthritis), कॉम्प्लेक्स फ्रैक्चर और सिकल सेल रोगियों में हिप की गंभीर समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। इन बीमारियों में लंबे समय तक दर्द झेलना और अपंगता का डर मरीजों को मानसिक रूप से भी तोड़ देता है। ऐसी स्थिति में सही इलाज, आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टर का होना बेहद जरूरी है, ताकि मरीज को दर्द से मुक्ति मिले और वह सामान्य जीवन जी सके। बिलासपुर में इस दिशा में एक नाम भरोसे के साथ उभर रहा है।

**गठिया से लेकर स्पोर्ट्स इंजुरी तक इलाज**

अस्पताल में गठिया से पीड़ित मरीजों के लिए कंजर्वेटिव मैनेजमेंट से लेकर जॉइंट रिप्लेसमेंट तक की सुविधा है। घुटने और कूल्हे के प्रत्यारोपण में नवीनतम तकनीक और इम्प्लांट का उपयोग किया जाता है, जिससे मरीज की रिकवरी तेज होती है। वहीं कॉम्प्लेक्स फ्रैक्चर के मामलों में अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे हड्डियों का सही संरेखण होता है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाता है।

खेलकूद के दौरान लगने वाली चोटें यानी स्पोर्ट्स इंजुरी आजकल युवाओं में आम हैं। लिगामेंट टियर, मेनीस्कस इंजुरी जैसी समस्याओं के लिए यहाँ 4K अर्थरोस्कोपी लैपरोस्कोपी मशीन उपलब्ध है। बारीक चीरे द्वारा घुटने एवं कंधे के लिगामेंट की सर्जरी की जाती है, जिससे निशान कम पड़ते हैं और मरीज 2-3 दिन में डिस्चार्ज होकर रिहैब शुरू कर देता है।

**हड्डी एवं जोड़ रोग का उन्नत केंद्र**

रामा केयर वेल अस्पताल हड्डी और जोड़ संबंधी बीमारियों के उन्नत और सुरक्षित इलाज के लिए जाना जाता है। यहाँ आधुनिक जांच सुविधाएँ, एडवांस सर्जिकल तकनीक और मरीज-केंद्रित देखभाल उपलब्ध है। अस्पताल का उद्देश्य सिर्फ सर्जरी करना नहीं, बल्कि मरीज को दवाइयों से लेकर फिजियोथेरेपी और आवश्यकता पड़ने पर सर्जरी तक का संपूर्ण उपचार देना है, ताकि जोड़ों के दर्द, सूजन और जकड़न से प्रभावी राहत मिल सके।

**सिकल सेल रोगियों के लिए वरदान**

छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनीमिया एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है। इस बीमारी में हिप जॉइंट का एवैस्कुलर नेक्रोसिस यानी हड्डी का गलना आम है। सिकल सेल रोगियों के लिए हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी रामा केयर वेल की एक प्रमुख विशेषज्ञता है। समय पर और सटीक सर्जरी मरीज को दर्द से मुक्ति और बेहतर चलने-फिरने की क्षमता प्रदान करती है। अस्पताल में ऐसे सैकड़ों मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है, डॉ. सखूजा का मानना है कि हर मरीज की समस्या अलग होती है, इसलिए उनकी देखरेख में हर मरीज को व्यक्तिगत ध्यान और सर्वोत्तम उपचार मिलता है। वे सर्जरी को अंतिम विकल्प मानते हैं और पहले फिजियोथेरेपी, दवा व लाइफस्टाइल सुधार से इलाज की कोशिश करते हैं।

**आयुष्मान भारत से जुड़ा सर्वोत्तम इलाज**

रामा केयर वेल हॉस्पिटल आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध है। इसके तहत पात्र मरीजों को हिप रिप्लेसमेंट, नी रिप्लेसमेंट, कॉम्प्लेक्स फ्रैक्चर सर्जरी जैसी महंगी सर्जरी भी कैशलेस मिल जाती हैं। अस्पताल की टीम मरीजों को योजना के दस्तावेज और प्रक्रिया में पूरी मदद करती है, ताकि आर्थिक तंगी इलाज में बाधा न बने। रामा केयर वेल हॉस्पिटल का लक्ष्य है "हर कदम दर्द मुक्त हो"। जोड़ों और हड्डियों की जटिल से जटिल समस्या का समाधान अब बिलासपुर में ही उपलब्ध है।



डॉ. राजीव सखूजा
M.B.B.S, M.S. Orthopedics
FIAS (Mumbai)


RAMA Inspires Life
रामा केयरवेल हॉस्पिटल
INSTITUTE OF JOINT REPLACEMENT TRAUMA AND SPORTS INJURY CENTRE
DR. RAJIV SAKHUJA
M.B.B.S, M.S. Orthopedics, FIAS (Mumbai)
Consultant Orthopedics, Trauma
Joint Replacement and Sports Injury Surgeon

अत्याधुनिक अस्पताल
★ मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
★ गहन देखभाल इकाई
★ 300mA उन्नत एक्स-रे मशीन
★ आधुनिक फ्लैट पैनल हाई डेफिनेशन सी-आर्म
★ पूर्ण वातानुकूलित अस्पताल, वेंटिलेटर
★ गंभीर एक्सीडेन्ट का तुरंत इलाज
★ रीढ़ की हड्डी के सभी ऑपरेशन
24/7 Emergency Services
★ जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (घुटना, कूल्हा बदली का ऑपरेशन)
★ मुश्किल से भरने वाले घाव (नॉन हिलिंग अल्सर), डायबिटीक फुट का इलाज
★ जन्मजात पंजा टेढ़ा होना का इलाज
★ नसों से संबंधित परेशानी या दर्द का इलाज
★ कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटना दर्द या जोड़ से संबंधित तकलीफों का इलाज
सुविधाएँ
ऑर्थोपेडिक्स | स्पोर्ट्स मेडिसिन | 24x7 एम्बुलेंस
न्यूरो ट्रॉमा एवं ब्रेन सर्जरी के ऑपरेशन | यूरोलॉजी - पथरी एवं मूत्र रोग | फिजियोथेरेपी यूनिट
जॉइंट रिप्लेसमेंट | ब्रेन और न्यूरो सर्जरी | जनरल सर्जरी और लैप्रोस्कोपी
स्पाइन सर्जरी | प्रसूति और स्त्री रोग | ट्रॉमा सभी प्रकार के फ्रैक्चर की सर्जरी
आर्थोस्कोपी - लिगामेंट सर्जरी | मैक्सिलोफेशियल सर्जरी | 24 घंटे प्रसव की सुविधा
आयुष्मान भारत योजना द्वारा सर्वोत्तम इलाज की सुविधा
रिंग रोड 2, गौरव पथ, पारिजात एक्सटेंशन के पास, पंजाब नेशनल बैंक के बगल में, बिलासपुर
9806716000, 6262716000

## उच्च रक्तचाप मधुमेह रोगियों के लिए गंभीर खतरा

उच्च रक्तचाप मधुमेह रोगियों में गंभीर गुर्दे की बीमारी विकसित होने के प्रमुख कारणों में से एक है, इसलिए यदि आपको उच्च रक्तचाप है तो नियमित रूप से अपनी उच्च रक्तचाप की दवाइयाँ लेना महत्वपूर्ण है। आपके डॉक्टर कम प्रोटीन वाला आहार लेने की सलाह भी दे सकते हैं, जिससे गुर्दों पर काम का बोझ कम हो जाता है। मधुमेह (Diabetes) होने पर किडनी (गुर्दे) को स्वस्थ रखने के लिए शुगर और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करना सबसे महत्वपूर्ण है। हाई ब्लड शुगर धीरे-धीरे किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। यहाँ मधुमेह के रोगियों के लिए किडनी को स्वस्थ रखने के मुख्य उपाय दिए गए हैं:

**1. ब्लड शुगर** (Sugar) और प्रेशर (BP) नियंत्रित रखें, शुगर कंट्रोल: अपने रक्त शर्करा के स्तर को निर्धारित सीमा के भीतर रखें, क्योंकि लगातार हाई शुगर से किडनी को जल्दी नुकसान होता है।, ब्लड प्रेशर कंट्रोल: हाई बीपी किडनी की बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। इसे से कम रखने का प्रयास करें।

**2. खान-पान में बदलाव**

नमक कम खाएं: रोजाना- ग्राम (लगभग एक चम्मच) से कम नमक का प्रयोग करें। पैकेटबंद और डिब्बाबंद भोजन से बचें क्योंकि उनमें सोडियम अधिक होता है।

प्रोटीन की सही मात्रा: बहुत अधिक प्रोटीन न खाएं, लेकिन बहुत कम भी न करें। अपने डॉक्टर से सलाह लेकर सही मात्रा निर्धारित करें। स्वस्थ आहार: ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले डेयरी उत्पाद खाएं। पोटेशियम और फास्फोरस से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें यदि डॉक्टर ने सलाह दी हो। पर्याप्त पानी: किडनी को स्वस्थ रखने के लिए शरीर को हाइड्रेटेड रखें।

**3. जीवनशैली में सुधार** -नियमित व्यायाम: रोजाना कम से कम, मिनट मध्यम या तेज शारीरिक गतिविधि (जैसे तेज चलना, तैरना, योग) करें। धूम्रपान छोड़ें: धूम्रपान से किडनी में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे किडनी की बीमारी बढ़ सकती है। वजन नियंत्रित रखें: स्वस्थ वजन बनाए रखने से किडनी पर दबाव कम पड़ता है।



डॉ. नवनीत कुमार अग्रहरि
M.B.B.S, M.D. Medicine(Mumbai)

अविघ्न हेल्थकेयर एवं शुगर क्लीनिक
डायबिटीज, हृदय, किडनी, श्वसन एवं रियुमेटिक (गठिया) रोग सलाहकार
डॉ. नवनीत कुमार अग्रहरि
एम.बी.बी.एस. एम.डी. मेडिसीन (मुंबई)
डी. एफ. आई. डी. (डाइबिटीज़ फेलो) सी.एम.सी. वेल्लोर
पूर्व विशेषज्ञ- सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल मुंबई

उपलब्ध सुविधाएं...
■ शुगर, बी.पी., थायराइड, कोलेस्ट्राल
■ सिर दर्द (माइग्रेन), मिर्गी की समस्या
■ दमा (अस्थमा), निमोनिया, टी.बी.
■ टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, पेशाब में इन्फेक्शन, गुर्दे की पथरी
■ एनीमिया, सिकलिंग ■ रुमेटाइड अर्थराईटिस
■ पीलिया (Gastritis), आमाशय में छाले
■ हाथ-पैरों में सूजन का आना (किडनी एवं लीवर की समस्या)
ECG की सुविधा उपलब्ध
दांतों की ईलाज की सभी सुविधा उपलब्ध
G-8 ग्राउंड फ्लोर, महामाया प्लाजा, मेन रोड मंगला, बिलासपुर (छ.ग.)
88500 81113

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने श्रमिकों का किया सम्मान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल परिवार द्वारा 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया। क्लब द्वारा श्रमिकों के सम्मान एवं सेवा के लिए रामा ग्रीन सिटी में श्रमिक भाइयों एवं बहनों को जलेबी, समोसा, कोल्ड ड्रिंक एवं कपड़ों का वितरण किया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य मेहनतकश मजदूरों के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, दीप्ति साहू, पद्मजा वर्मा और अनुपमा, डॉ. केपी नामदेव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। लायंस क्लब इंटरनेशनल की सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवा कार्य करता आ रहा है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य करके लोगों की सहायता की जाती है, इसके लिए हमारी पूरी टीम आगे आकर सहयोग करती हैं, हमारा प्रयास है कि समाज के पिछड़े लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाकर उनकी सहयोग करें। उन्होंने सामाजिक संगठनों से आगे आकर गरीबों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

### सर्विस विथ डेडिकेशन फाउन्डेशन ने हितग्राही को भेंट की सिलाई मशीन



**बिलासपुर।** श्रमिक दिवस के अवसर पर सर्विस विथ डेडिकेशन फाउन्डेशन के महिला सदस्यों ने महिला हितग्राहियों का उत्साह बढ़ाने और उसे आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन का वितरण किया गया। 1 मई को श्रमिक दिवस के दिन संस्था द्वारा पूजा देवांगन नामक हितग्राही को सिलाई मशीन व एसेसरीज किट प्रदान किया गया। ताकि वह आत्मनिर्भर होकर अपने बच्चों का पालन पोषण व व उन्हें अच्छी शिक्षा दिला सके। इस अवसर पर संस्था की सदस्य सुष्मित कौर, मीना आहूजा, आशा ताम्रकार, निविया श्रीवास्तव, मृदुला त्रिपाठी, सविता रायजादा, बरखा मोदी, नीरजा तिवारी, सरस्वती साहू, रुक्मिणी कश्यप, दीपिका महोरे, स्वाति शर्मा, प्रभा दुबे, रोमी हाटी, कविता मेहता व रजनी तम्बोली आदि मौजूद थे।

### तिफरा में श्री झूलेलाल मंगलम के तीसरे तल का लोकार्पण



**बिलासपुर।** तिफरा में श्री झूलेलाल मंगलम के तीसरे तल के लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने सिंधी समाज को उसकी मेहनत और समर्पण के लिए साधुवाद दिया। द्वारिका पटेल के सानिध्य में गायत्री मंत्रों के बीच सदस्यों ने शांति और सौहार्द की आहुतियां दी। इस पावन अवसर पर चकरभाठा के आनंदराम दरबार के संत सांई कृष्णा दास ने लोक कल्याण कि कामना से अरदास कराई और सभी को शुभाशिष दिया। लोकार्पण समारोह में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ सिंधी साहित्य अकादमी की अध्यक्ष सुषमा जेठानी, महापौर पूजा विधानी का स्वागत किया गया। अतिथियों ने झूलेलाल मंगलम भवन के तीसरे तल पर नव निर्मित 20 कमरों का लोकार्पण किया। समारोह में विनोद मेघानी, रूपचंद डोडवानी , विनीता भावनानी अर्जुन तीर्थनी व प्रकाश ग्वालानी, किशोर गेमनानी, पी.एन बजाज, धनराज आहूजा, प्रभाकर मोटवानी,नंदलाल चौधरी, उमेश भावनानी,हरिश भागवानी, मुरली नेभानी,कमल विधानी,रमेश लालवानी, डीडी बजाज,नानक खटूजा, कैलाश खुशालानी,दयानंद तिर्थानी,डा.कुमार मोटवानी, मोतीलाल पमनानी, तोलाराम आहूजा,मनोहर पमनानी, महेश दुहलानी (कटघोरा),जगदीश संतानी, पूरन सिदारा,डुलाराम विधानी, दिलीप बहरानी, महेश हरियानी, श्रीचंद टहल्यानी, सतीश लाल , कैलाश मलघानी,नंदलाल मोटवानी, बृजलाल नागदेव, नरेंद्र नागदेव आदि मौजूद थे।

### सतगुरु कबीर साहब चौक मे प्याऊ जल घर का उद्घाटन



**बिलासपुर।** सतगुरु कबीर साहब चौक में प्याऊ जल घर का उद्घाटन नगर विधायक अमर अग्रवाल ने किया। सतगुरु कबीर साहब चौक में शुक्रवार सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ, आरती कर विधायक अमर अग्रवाल द्वारा सतगुरु प्याऊ जल घर का उद्घाटन किया गया। महापौर पूजा विधानी का स्वागत किया गया। खीर, पुड़ी एवं मीठे जल का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को नवयुवक मंडल, समस्त कबीर पंथ समाज में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया की इस गर्मी को देखते हुए राहगीरों को पेयजल की व्यवस्था की जा रही है हमारे समाज की ओर से यह चौथा प्याऊ जल घर है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महंत ईश्वरदास, सी डी मानिकपुरी,भगवानदास, मनहरन दास, हर दास, गणेश दास, समारू दास, बबलू दास, अभिशेख दास, पूरन दास, सोहन दास, दिलहरन दास, सावन दास राकेश मानिकपुरी का सहयोग रहा।

---

**हजारों गरीब परिवारों के सपनों पर पानी फेरा** — पिछले साल 53 हजार सीटें उपलब्ध थीं, इस साल केवल 19,536 सीटें

# आरटीई से नर्सरी क्लासेस बाहर, गरीब बच्चे नहीं पढ़ पाएंगे निजी स्कूलों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश की नई व्यवस्था ने हजारों गरीब परिवारों के सपनों पर पानी फेर दिया है। सरकार ने इस सत्र से 'नर्सरी' को आरटीई की एंट्री क्लास से बाहर कर दिया है। इस कारण प्रदेश भर में करीब 33 हजार सीटें कम हो गई हैं।

पिछले साल तक जहां निजी स्कूलों में 53 हजार सीटें उपलब्ध थीं, वहीं अब केवल कक्षा-1 में प्रवेश होगा, जिसमें मात्र 19,536 सीटें ही बची हैं। इससे नर्सरी और प्री-प्राइमरी उम्र के बच्चे आरटीई के दायरे से बाहर हो गए हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्रदेश के अधिकांश सरकारी स्कूलों में प्री-प्राइमरी (नर्सरी, पीपी-1, पीपी-2) की पढ़ाई का ढांचा ही नहीं है। केवल कुछ चुनिंदा आत्मानंद स्कूलों में यह सुविधा है। ऐसे में 3 से 5 साल की उम्र के बच्चों के लिए 'राइट टू एजुकेशन' कागजों तक सिमट गया है। अब गरीब माता-पिता के सामने संकट खड़ा हो गया है। इसमें या तो भारी-भरकम फीस भरकर निजी स्कूल भेजें या आंगनबाड़ी में एडमिशन कराएं। या फिर बच्चे को एक-दो साल तक घर पर बैठाए रखें।

### नए सत्र से सिर्फ कक्षा पहली में प्रवेश



ध्यान रहे कि इस साल आरटीई के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पहले चरण के लिए सीटों का अलाटमेंट भी शुरू हो गया है। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने 12 साल पहले ऐसे परिवारों के बच्चों के लिए नर्सरी क्लास से ही आरटीई का प्रावधान किया था। इससे सभी निजी स्कूलों में नर्सरी की 25% सीट आरटीई में आरक्षित हो गई थीं, पर नए बदलावों के बाद नए सत्र से सिर्फ कक्षा पहली में प्रवेश होगा। पिछली बार नर्सरी, केजी-1 और कक्षा-1 को एंट्री क्लास माना गया था।

### बाहर करना कानून और संविधान के खिलाफ

इधर इस मामले में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिशयन ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि प्री-स्कूल कक्षाओं को आरटीई के दायरे से बाहर करना कानून और संविधान के खिलाफ है। ध्यान रहे कि प्रदेश में 2015-16 में सरकार ने ही प्री-स्कूल कक्षाओं को आरटीई के दायरे में लाया था लेकिन अब अपना आदेश को ही पलट दिया है। पूरे मामले में लगभग 22 पन्नों का जवाब सरकार ने हाईकोर्ट में रखा है। इसमें कहा गया है कि आरटीई 6 से 14 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए है। यह कक्षा पहली से आठवीं की उम्र है। ऐसे में प्री-स्कूलों को आरटीई के बाहर रखा जा सकता है।

### स्कूलों की संख्या बढ़ने का खतरा

सरकार ने हाईकोर्ट में यह भी कहा कि आरटीई के प्री-स्कूल में लागू होने से केवल नर्सरी चलाने वाले स्कूलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे कानून का दुरुपयोग हो रहा है। इसके साथ ही कहा गया है कि 3-6 साल के बच्चों में ड्रॉप आउट रेट बहुत ज्यादा है। इधर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिशयन ने कोर्ट में कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में एजुकेशन सिस्टम की शुरुआत नर्सरी/केजी से ही होती है। अगर गरीब बच्चों को वहीं प्रवेश नहीं मिलेगा, तो वे आगे की कक्षाओं में भी पीछे रह जाएंगे।

---

छोटे स्टेशनों में स्टापेज नहीं होने के कारण बड़े स्टेशनों में उतरना मजबूरी

# पैसेंजर ट्रेनों के पहिए थमने के बाद एक्सप्रेस में बढ़ी यात्रियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर से बिलासपुर के बीच पैसेंजर और मेमू लोकल ट्रेनों के पहिए थमने के बाद एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से पैर तक रखने की जगह नहीं मिल पा रही है। एक्सप्रेस ट्रेनों के छोटे स्टेशनों पर स्टापेज नहीं होने के कारण मजबूरी में दूरी कम करने के लिए बड़े स्टेशनों पर उतरना पड़ रहा है।

■ कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं

रेल प्रशासन ने एसईसीआर बिलासपुर जोन के रायपुर मडल के निपनिया से भाटापारा सेक्शन के बीच पर लेवल क्रसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण करने की वजह से उक्त रोड अंडरब्रिज निर्माण के तहत रिलिविंग गर्डरों के लांचिंग हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया है, जो 3 मई रविवार से शुरु कर दिया गया है और 6 मई तक यानि चार दिन तक किया जाएगा।

इस कार्य के दौरान 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेंवरारोड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 3 मई को 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 4 मई को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर और 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर के पहियों को रोकने का आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा 3 एवं 6 मई को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त और बिलासपुर से गोंदिया के बीच रद्द की गई है। वहीं गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से रवाना करने के बाद गोंदिया से बिलासपुर के बीच रद्द करने का निर्णय लिया गया है। यह सारी ट्रेनें ऐसी हैं, जिनका स्टापेज बिलासपुर से रायपुर के बीच छोटे-छोटे स्टेशनों के बीच किया जाता है। इन ट्रेनों में ज्यादातर प्रतिदिन छोटे-छोटे व्यापारी वर्ग, मजदूर, दूध वाले सहित अन्य ग्रामीण भी सफर करते हैं। कई लोगों की रोजी मजदूरी का भी जरिया पैसेंजर और मेमू ट्रेन बन चुकी है। ऐसे में पैसेंजर और लोकल ट्रेनों के पहिए थमने का आर्डर जारी करने के बाद ग्रामीण और अन्य वर्ग गांव से शहर तक आने के लिए एक्सप्रेस का सहारा ले रहे हैं। इसकी वजह से बिलासपुर से रायपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, आजादहिंद, अहमदाबाद सहित अन्य ट्रेनों के जनरल कोच में यात्रियों की भीड़ अचानक बढ़ गई है। यात्री जगह नहीं मिलने के कारण जनरल कोच के दरवाजे पर खड़े हो रहे हैं और प्रसाधन के पास अपने बैठने की जगह बनाने को मजबूर हो गए हैं।



यात्रियों से ठसा ठस भरा कोच। दरवाजे में बैठकर सफर करने की मजबूरी।

### टाटा-इतवारी भी रद्द

एसईसीआर बिलासपुर जोन के नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन पर बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर पहल प्लेटफार्म क्रमांक 4 की वॉशेबल एप्रन हटाकर बैलेस्टेड ट्रैक का काम 3 मई रविवार से शुरु कर दिया गया है, जो 20 दिन यानि 22 मई तक किया जाएगा। इसमें 20 ट्रेनों के साथ एक ट्रेन टाटा से बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, दुर्ग, चांपा स्टेशनों में स्टापेज के बाद इतवारी तक चलने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस भी शामिल है, जिसके पहियों को भी रोककर हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशान किया जा रहा है।

## 10 साल में 15 परियोजनाओं पर एसईसीआर ने काम पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में अधोसंरचना के तहत कार्य करते हुए 10 वर्ष में 1475 किलोमीटर लंबी 15 रेल परियोजनाओं को पूरा किया है। यह उपलब्धि क्षेत्रीय विकास एवं रेल नेटवर्क सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ तीनों डिवीजन में किए गए 1475 किलोमीटर लाइन के कार्य

रेलवे के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बुनियादी संरचना के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने हेतु किए जा रहे परिणामस्वरूप यात्री सुविधाओं, क्षमता विस्तार एवं संरक्षित परिचालन को नई गति मिली है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 125 किलोमीटर नई रेल लाइन का सफलतापूर्वक लोकार्पण कमीशनिंग की गई है। इस वर्ष पूर्ण किए गए 125 किमी कार्यों के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण खंडों की कमीशनिंग में बिलासपुर–झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन के अंतर्गत कोतरलिया–जामगा 8 किमी, भूपदेवपुर–किरोड़ीमल नगर 8.70 किमी, किरोड़ीमल नगर–रायगढ़ 10.27 किमी, रायगढ़–कोतरलिया 9 किमी, सारागांव–बाराद्वार 7 किमी, बाराद्वार–सक्ती 13 किमी शामिल हैं। राजनांदगांव–नागपुर तीसरी रेल लाइन के अंतर्गत गुदमा–गोंदिया 10 किमी, गोंदिया–गंगाझरी 13.74 किलोमीटर, आरओआर गोंदिया 13.50 किलोमीटर खंडों में कार्य पूर्ण किया गया। इसके अलावा गेवरारोड–पेंड्रारोड नई रेल लाइन के अंतर्गत उरगा–कुसमुंडा 11.51 किलोमीटर खंड की कमीशनिंग की गई है।

केंद्री–धमतरी एवं अभनपुर–राजिम आमान परिवर्तन के अंतर्गत अभनपुर–कुरूद 21.20 किलोमीटर खंड का सफलतापूर्वक आमान परिवर्तन कार्य पूर्ण किया गया। इन कार्यों के दौरान कोतरलिया, गोंदिया, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़, सारागांव, चक्रधर नगर, बाराद्वार एवं तुमसर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य भी किए गए।

### 41 परियोजनाएं स्वीकृत

इसके अतिरिक्त 2790 किलोमीटर लंबाई की 41 महत्वपूर्ण परियोजनाएँ स्वीकृत होकर विभिन्न चरणों में तीव्र गति से प्रगति पर हैं, जिनमें नई रेल लाइन, दोहरीकरण, तीसरी एवं चौथी रेल लाइन की परियोजनाएं शामिल हैं। इसमें खरसिया–नया रायपुर–परमालकसा नई रेललाइन की लंबाई 278 किलोमीटर लागत 7854 करोड़ रुपए, रावघाट–जगदलपुर नई रेललाइन की लंबाई 140 किलोमीटर लागत 3513 करोड़ रुपए, गोंदिया-बल्लारशाह दोहरीकरण की लंबाई 240 किलोमीटर और गोंदिया-जबलपुर के बीच दोहरीकरण की लंबाई 231 किलोमीटर है।

---

## वंदेभारत एक्सप्रेस की गति हो गई धीमी, यात्री हो रहे परेशान

**बिलासपुर।** नागपुर से बिलासपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस की चाल भी धीमी पड़ गई है, जिसे बिलासपुर तक पहुंचने में अतिरिक्त एक से डेढ़ घंटे का समय लग रहा है। हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों कें अलावा कटनी रूट की ट्रेनों की गति में कोई भी सुधार कार्य नहीं हो पा रहा है।

एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की चाल तो पहले से ही खराब है। अब वंदेभारत एक्सप्रेस को भी रेल प्रशासन ने अपने निशाने में ले लिया है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन शनिवार को छोड़कर बिलासपुर से नागपुर के बीच समय पर रवाना होती है और समय पर दोनों स्टेशनों के बीच पहुंचती है। बिलासपुर से रायपुर, दुर्ग, नागपुर तक वंदेंभारत एक्सप्रेस का किराया सामान्य ट्रेनों की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है, जिसमें यात्री सफर के दौरान यात्रियों को आराम भी मिल जाता है। इस ट्रेन की चाल भी अब धीमी पड़ने लगी है। नागपुर से बिलासपुर आने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने का समय शाम 7 बजकर 25 मिनट का रहता है, जो अब एक से डेढ़ घंटे लेट पहुंचने लगी है। रविवार को वंदेभारत एक्सप्रेस शाम 7.25 बजे स्थान पर रात 9 बजे के बाद पहुंची, जिसके कारण यात्री भी परेशान होते रहे। इस ट्रेन के अलावा 12809 सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन मेल शाम 6.10 के स्थान पर रात 8 बजे के बाद, 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस शाम 4.20 के स्थान पर देर रात 1 बजे के बाद, 22844 बक्सर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस शाम 5.20 के स्थान पर देर रात 3 बजे और 22512 कामख्या-मुम्बई एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस देर रात 1.15 के स्थान पर दूसरे दिन 7.30 बजे तक बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म पर आई।

## नई उड़ान योजना का लाभ बिलासपुर को दिलाने की मांग

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से केंद्र सरकार द्वारा जारी नई उड़ान योजना का लाभ अधिक से अधिक बिलासपुर को दिलाने की मांग की है।

समिति ने जानकारी देते हुए बताया की गत 26 मार्च को केंद्र सरकार के द्वारा 28840 करोड रुपए की लागत से एक नई उड़ान योजना की मंजूरी दी गई है। इस राशि में से 12240 करोड रुपए 100 विकसित या अर्ध विकसित एयरपोर्ट को विकास के लिए और नए हेलीपैड विकास के लिए खर्च किए जाएंगे। वही 10043 करोड रुपए वायबिलिटी गैप फंडिंग योजना के तहत जिन क्षेत्रों में उड़ाने नहीं है वहां उड़ानों को चालू करने के लिए सब्सिडी के रूप में दिए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार पहले की तरह टेंडर आयोजित कर सभी एयरलाइंस कंपनियों को बुलाएगी और विभिन्न हवाई मार्गों पर उनसे प्रस्ताव लेगी। गौर तलब है कि गरीब 10 साल पहले 2016 में पहली उड़ान योजना लागू की गई थी और तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़े देश का आम नागरिक उड़ान योजना का अर्थ बताया था। इसके तहत हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर कर सके यह सारे बातें भी कही गई थी। इसीलिए जिन क्षेत्रों में हवाई उड़ान प्रारंभ में लाभप्रद नहीं रहती है वहां 3 साल तक लगातार वायबिलिटी गैप फंडिंग के नाम पर सब्सिडी देने का प्रावधान रखा गया था। बिलासपुर एयरपोर्ट में भी इस योजना के तहत जबलपुर प्रयागराज और भोपाल के मार्गों पर हवाई उड़ान स्वीकृत हुई थी।




### जनप्रतिनिधियों से चर्चा

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इसके लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों विशेष कर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, नगर विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह समेत अनेक लोगों से चर्चा की है। साथ ही बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से भी इसके लिए संपर्क किया गया है।

### नाइट लैंडिंग शुरू

**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग की शुरूआत हो चुकी है, यह सुविधा महज हफ्ते में एक दिन ही दी गई है, रविवार को दिल्ली की शाम की फ्लाइट उड़ान भरी और 50 यात्रियों ने सफर किया। बिलासा एयरपोर्ट से दिल्ली की सीधी फ्लाइट रविवार की शाम 6.45 को टेकआफ कर 2 घंटे 40 मिनट के बाद 9.25 को दिल्ली में लैंड की। सीएम विष्णु देव साय के औपचारिक उद्घाटन के 32 दिनों के बाद बिलासा एयरपोर्ट से शाम की फ्लाइट रविवार को उड़ान भर सकी, लेकिन अफसोस यह है कि यह सेवा महज हफ्ते में एक दिन ही शुरू हो सकी है, दरअसल अलायंस एयर ने दिल्ली की शाम पौने 7 बजे की फ्लाइट रविवार से शुरू की है, यह सीधी उड़ान सेवा है जिसमें बिलासपुर से दिल्ली के लिए यात्रा की जा सकेगी।

**आज के धरने में ये रहे शामिल:** धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्व श्री रवि बनर्जी बद्री यादव गोपी राव अनिल गुलहरे ऋषि सिंह गौतम केशव गोरख मजहर खान शिरीष कश्यप मनोज तिवारी महेश दुबे टाटा प्रकाश बहरानी अमर बजाज समीर अहमद बबला प्रतीक तिवारी रणजीत सिंह खनूजा रमाशंकर बघेल संतोष पीपलवा अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

---

पंजीयन विभाग ने जारी किया नोटिफिकेशन, व्यापार विहार का आदेश बाकी

# आरके नगर व सकरी में उप पंजीयक कार्यालय खोलने का आदेश पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में तीन नए उप पंजीयक कार्यालय खोलने की योजना थी, जिसमें से दो उप पंजीयक कार्यालय खोलने का आदेश पहुंच गया है और पंजीयन विभाग ने राजकिशोरनगर व सकरी में उप पंजीयक कार्यालय शुरू करने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। अब पंजीयन कार्यालय द्वारा नए उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिए जगह भवन की तलाश की जा रही है।

आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर पंजीयन विभाग ने नए उप पंजीयक कार्यालय खोलने का निर्णय लिया था। बिलासपुर में भी तीन स्थानों पर उप पंजीयक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव था, जिसमें शहर के थोक मार्केट क्षेत्र व्यापार विहार, राजकिशोर नगर एवं सकरी क्षेत्र शामिल है। इसमें से राजकिशोर नगर और सकरी में उप पंजीयक कार्यालय खोलने का आदेश आ गया है और पंजीयन विभाग ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। वहीं व्यापार विहार में उप पंजीयक कार्यालय का आदेश अभी नहीं आया है। शासन से दो जगह उप पंजीयक कार्यालय शुरू करने का आदेश आने के बाद जिला पंजीयन कार्यालय द्वारा राजकिशोर और सकरी क्षेत्र में जगह भवन की तलाश की जा रही है। पंजीयन कार्यालय द्वारा सकरी में नगर निगम के एक भवन का चयन किया गया है, जिसके लिए पंजीयन कार्यालय और नगर निगम के बीच चर्चा चल रही है। राजकिशोरनगर में उप पंजीयक कार्यालय के लिए अभी जगह देखा जा रहा है, किन्तु वहां पर अभी जगह फाइनल नहीं हुआ है। पंजीयन कार्यालय द्वारा मुख्य सड़क से जुड़े स्थान भवन को प्राथमिकता दिया जा रहा है जहां वाहन पार्किंग आदि के लिए जगह हो।

### पक्षकारों को होगा लाभ

शहर के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अचल संपत्ति जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए बिलासपुर पंजीयक मुख्यालय आना पड़ता है। उन्हें पंजीयन कार्यालय में भीड़भाड़ के कारण इंतजार भी करना पड़ता है। राजकिशोरनगर व सकरी क्षेत्र में नया उप पंजीयक कार्यालय खुल जाने से संबंधित आसपास के एरिया के लोग जमीन रजिस्ट्री कराने इन उप पंजीयक कार्यालय में जाएंगे, जिससे दूरी और समय दोनों ही बचेगा।

### खुलेंगे नए कार्यालय

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पंजीयन विभाग सभी जिलों के प्रमुख शहरों में नया उप पंजीयक कार्यालय खोलने की योजना बनाई है। इसके तहत बिलासपुर सहित रायपुर एवं 31 जिलों के प्रमुख शहरों में उप पंजीयक कार्यालय चरणबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इसमें बिलासपुर में तीन में से दो जगह उप पंजीयक कार्यालय शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है।

### जारी किया गया है नोटिफिकेशन

बिलासपुर में पंजीयन विभाग ने तीन नए उप पंजीयक कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इसमें से राजकिशोरनगर और सकरी में नया उप पंजीयक कार्यालय शुरू करने के लिए नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। उप पंजीयक कार्यालय के लिए जगह भवन चयन किया जा रहा है, जिसके लिए नगर निगम से बातचीत चल रही है।

-राजीव स्वर्णकार
जिला पंजीयक,
बिलासपुर

**REQUIRED**

Required for following Institutions

**(1) Ayush College of Pharmacy - Marwahi**
Principal - 01 Post
Assistant Professor - 6 Post

**(2) Ayush College of Polytechnic - Meduka**
Principal - 01 Post, Professor - 03 post
Associate Professor - 06 post
Assistant Professor - 18 post
For Mechanical, Electrical and Civil Branch

**(3) Ayush College of Pharmacy - Meduka**
Principal - 01 Post, Professor- 01 Post
Associate Professor - 02 Post
Assistant Professor - 09 Post

For B.Pharmacy and D. Pharmacy
Salary as Per Norms

**Contact: 98268-26111**
Email: 107.csvtu@gmail.com

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्ति के दिन मिला पेंशन भुगतान का आदेश



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी प्रमोद कुमार श्रीवास को उनकी सेवा निवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा उन्हें यह आदेश सौंपते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्रमोद श्रीवास ने 30 मार्च 1995 को कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर में भृत्य के पद पर अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। वर्ष 2012 में मुंगेली जिला बनने के बाद वे 01 जनवरी 2012 से जिला कार्यालय मुंगेली में अपनी सेवाएं दे रहे थे। लंबे समय तक निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए उन्होंने आज 30 अप्रैल 2026 को अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण की। प्रमोद श्रीवास ने प्रशासन के इस कदम के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी विलंब के पेंशन आदेश मिलना बेहद संतोषजनक है।

### सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षक को दी गई विदाई



**रतनपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिरगहनी, संकुल बछाली खुर्द में पदस्थ शिक्षक ओम प्रकाश जायसवाल के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पालक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष कृतिका पैंकरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता समन्वयक प्रमोद साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में फूलमत बाई पैंकरा, सीमा ठाकुर, उपसरपंच राजेंद्र लास्कर एवं उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने ओम प्रकाश जायसवाल कोसम्मानित किया एवं भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रधान पाठक दिनेश पांडेय ने बताया कि जायसवाल ने गणित एवं हिंदी विषय को उत्कृष्ट तरीके से पढ़ाया और विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य राजपूत को दी गई विदाई



**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर के प्राचार्य नरेंद्र सिंह राजपूत के सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सहायक संचालक संदीप चोपड़े, पी दाशरथी, जी अश्विनी एवं आनन्द पांडेय मौजूद रहे। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संदीप चोपड़े ने श्री राजपूत के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन अमोद एक्का ने किया। विद्यालय की ओर से बलीराम सूर्यवंशी एवं रश्मि मिश्रा ने कार्यकुशलता की तारीफ की। इस दौरान श्री राजपूत की धर्मपत्नी रूचि सिंह व पुत्र आयुष सिंह ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, श्वेता सिंह, सुप्रीता सिंह, मयंक,यश, शिवालिका, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी बनर्जी, महेश्वरी सिन्हा, पारुल यादव, दिब्या मिश्रा, मयंक यादव, पुष्पेंद्र दुबे, संदीप ध्रुव, हीरादास मेरसा, राम सहाय पाठक, सलीम बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रिपोर्ट कार्ड के साथ बच्चों को दिया गया हरियाली का संदेश



**सीपत।** शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा संकुल गोंदईया में 30 अप्रैल को शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को होलिस्टिक प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड का वितरण पालकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षावार पूरे वर्ष उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पौधे भेंट किए गए। शिक्षिका तृप्ति यादव ने बताया कि, हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है।कार्यक्रम में प्रधान पाठक शकील अहमद खोखर, शिक्षिका तृप्ति यादव, चमेली राज, एसएमसी अध्यक्ष रोहित गोस्वामी, सदस्य उत्तम कुमार धनुहार, शिक्षाविद रामचरण केवट सहित बड़ी संख्या में पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

### पेयजल आपूर्ति बाधित, व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव

# गर्मी में बिजली कटौती से पथरिया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

भीषण गर्मी में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बार-बार बिजली ट्रिपिंग और अघोषित कटौती ने आमजनों के साथ-साथ व्यपारिक प्रतिष्ठानों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह से लेकर रात तक बार-बार घंटों तक अघोषित बिजली कटौती अब आम बात हो चली है। बिजली कटौती से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली विभाग लाइनमेन की कमी से जूझ रहा है, और नगर सहित दर्जनों गावों की बिजली आपूर्ति तीन लाइनमेन और 6 ठेकाकर्मियों के भरोसे है। जेई खुद क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर काम कर रहे हैं।



जल आपूर्ति प्रभावित- नगरवासियों का कहना है कि, बिजली की आंख-मिचौली ने नगर में पीने के पानी की समस्या बढ़ा दी है। एक तो गर्मी में अधिकतक बोर सूख गए हैं, और नगर पंचायत के पाइप लाइन पर नगर आश्रित है। बिजली नहीं रहने से पाइप लाइन में जल आपूर्ति बाधित हो रही है, जो घोर जल संकट पैदा कर रहा है। कटौती का कोई निश्चित समय ना होमे के कारण घरों से लेकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक सभी प्रभावित हो रहे हैं।

व्यपारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान- बिजली से चलने वाली मशीन आधारित व्यपारिक प्रतिष्ठान घंटो तक बिजली के कटौती के कारण आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। विशेषकर आइसक्रीम, कोलड्रिंक, गन्ना रस का व्यपार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल

बिजली कटौती का असर ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक गंभीर हो गया है। कई गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है, क्योंकि पानी की आपूर्ति विद्युत पर निर्भर है। जलदाय विभाग की सप्लाई बाधित होने से ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस स्थिति से हर वर्ग परेशान है और नगरवासियों सहित ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी के इस दौर में राहत मिल सके।

#### ओवर लोड

ग्रामीण फीडर भी ट्रांसफर में संलग्न होने एवं ओवर लोड मेंटेनेंस के कारण बिजली बंद चालू करना पड़ रहा है।

-अविष्कार तिग्गा,
जेई विद्युत विभाग पथरिया

बिजली पर निर्भर छोटे-बड़े व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है।

---

# कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पायलट से मिले अटल



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट के रायपुर प्रवास के दौरान विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुलाकात की।

वन टू वन मुलाकात में महासचिव सचिन पायलट से बिलासपुर के संगठन कोटा क्षेत्र के विकास कार्यों की स्थिति एवं प्रदेश के युवा कांग्रेस और एनएसयूआई की राजनीति को लेकर चर्चा हुई अटल श्रीवास्तव ने कहा की प्रभारी महासचिव का यह प्रयास सार्थक होगा उन्होंने सभी विधायकों से वन टू वन चर्चा की जिससे हम सभी का आत्मविश्वास बढ़ता है और अपनी बात को रखने का मौका मिलता है सचिन पायलट ने संगठन की मजबूती को लेकर और विधानसभा में कार्य प्रणाली को लेकर बहुत सारे टिप्स दिए जिसका फायदा मिलेगा।

---



### तिफरा सिरगिट्टी मंडल की प्रथम संगठनात्मक बैठक

**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्देशानुसार प्रदेश में चल रहे जिला कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी और आत्मनिर्भर मंडल और प्रत्येक बूथ पर बैठक होने वाली बैठक के तहत बिल्हा विधानसभा के तिफरा सिरगिट्टी मंडल द्वारा आयोजित प्रथम संगठनात्मक बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और उसका विस्तार करना था। इस मौके पर कौशिक ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, सक्रियता और जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया और महान स्वतंत्र सेनानी और महापुरुषों जयंती मनाने के लिए आह्वन किया। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण से ही बढ़ती है। हमें पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ क्रेड़ा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस अवसर पर जिला महामंत्री सोमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिचंद्र साहू , मंडल महामंत्री राजू मानिकपुरी , अजय कश्यप, जोन अध्यक्ष विजय मरावी , सीनू राव , पार्षद श्याम कार्तिक वर्मा , सभापति श्याम लाल बर्मन , वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज दुबे, रामू साहू एवं मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

---

# जनसमस्याओं का निराकरण सुशासन तिहार का उद्देश्य: धर्मजीत



**सकरी।** शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और जनसमस्या का त्वरित निराकरण इस शिविर का उद्देश्य है। यह शिविर शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। जनता को दफ्तरों के चक्कर न काटना पड़े, बल्कि प्रशासन खुद उनके द्वार पहुंचे यही हमारी सरकार की मंशा है।

- सकरी में जनसमस्या निराकरण शिविर का आयोजन

उक्त बातें सकरी में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होने कहा कि, इन शिविरों के माध्यम से न केवल समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि शासन की योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने सभी नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, सुशासन तिहार जनभागीदारी और जवाबदेही का उत्सव है। जब प्रशासन संवेदनशील होता है और जनता जागरूक होती है, तभी सशक्त समाज का निर्माण संभव होता है। कार्यक्रम को नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पार्षद द्वय कुसुम महाबली कोसले, किरण राजेंद्र टंडन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अनिल पप्पू शर्मा, सभापति अरुण चौहान, रवि मेहर मंडल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सतीश सोनकर, प्रकाश पाल, पूर्व पार्षद संजय यादव, संतोष सूर्यवंशी, संजय भार्गव, किसान नेता राजकमल साहू, विजय यादव, सोनू पटवा, लक्ष्मीन साहू, अनीता महिलांगे, जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सकरी जोन के नागरिक एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### 27 विभाग ने लगाए स्टॉल-

शिविर में कुल 27 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिसमें लोगों को संबंधित विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

---



# बिल्हा ब्लॉक पत्रकार संघ की बैठक

**बिल्हा।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 3 मई रविवार को शाम 4 बजे बिल्हा रेस्ट हाउस में ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस दौरान कई प्रस्ताव पास किए गए, जिसमें नगर में बिजली-पानी की समस्या के साथ-साथ सफाई पर भी चर्चा की गई। सा ही इसके निराकरण के लिए समिति के सभी सदस्यों की तरफ से नगर पंचायत का ध्यानाकर्षण करने की बात कही गई। संगठन में लगातार हो रहे विस्तार के क्रम में नए सदस्य के रूप में डॉ आरसी अग्रवाल को जोड़ा गया, जिनका सभी सदस्यों के ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा के अध्यक्ष विनोद वर्मा ने कहा कि, विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से की गई थी। यह दिन हमें याद दिलाता है कि, प्रेस की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक समाजों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। बैठक में कमल गर्ग, योगेश शर्मा, दशरथ सन्नाट, धीरेंद्र मेहता, गोवर्धन शर्मा, हरीश गुप्ते, हेमंत पांडे एवं डॉ आरसी अग्रवाल उपस्थित रहे।

---

# संगीत एवं कला संरक्षण मंच जीपीएम ने गीतों के माध्यम से आशा भोंसले को दी श्रद्धांजलि







**पेंड्रा।** जिला संगीत एवं कला संरक्षण मंच जीपीएम की ओर से भारत की महान पार्श्व गायिका स्व आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करने स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रतिभाशाली गायक एवं गायिकाओं ने आशा भोंसले के लोकप्रिय युगल एवं एकल गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया और उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में सर्वश्री ओमप्रकाश बंका, राकेश चतुर्वेदी, नीरज जैन, अरुण जायसवाल, मदन सोनी, मोतीचंद जैन, जिला प्रेस क्लब सचिव शरद अग्रवाल, कुंजबिहारी तिवारी, आदित्य पांडे, संतोष साहू, हीराचंद जैन, चन्द्र भूषण पवार, कंचन सिंह, राम बहादुर, रविन्द्र छाबरिया, महेश बंका, दीपक ठाकुर, मुकेश केसरवानी, मनीष सातुवाला, प्रवेश शर्मा, मनीष छाबरिया, ऋषि सुल्तानिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मदन पांडे ने किया।

**इन्होंने दी प्रस्तुति-** मंच के जिलाध्यक्ष निर्माण जायसवाल सहित विनय सूर्यवंशी, अमित शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रशांत कुशवाहा, पंकज मिश्रा, राजू विश्वकर्मा, समीर खान, प्रतीक गुप्ता, जगत राम चौहान, मास्टर नदीम, अंकुश साहू, बजरंग कश्यप, जय सोनी, मोनू गुप्ता आदि कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं महिला कलाकारों में ऊषा पवार, शैल गुप्ता, ममता सिंह, सोनिया रोहिणी, इच्छा जायसवाल, मानवी मिश्रा, वैष्णवी केवट सहित अन्य ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

### जनगणना कर्मचारियों से दुर्व्यवहार, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम जमकोर में जनगणना कार्य के दौरान एक युवक द्वारा शासकीय कर्मचारियों से दुर्व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजने की कार्रवाई की। एसडीएम अजय शतरंज ने बताया कि, 2 मई की दोपहर करीब 12 बजे जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी ग्राम जमकोर में सर्वे हेतु पहुंचे थे। इस दौरान स्थानीय निवासी रंजीत कुमार चेलकर के घर पर जनगणना के लिए जाने पर उसने टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया। बताया जा रहा है कि, आरोपी ने शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की बात कहते हुए कर्मचारियों को अपशब्द कहे और डराने-धमकाने लगा। स्थिति को गंभीर होते देख मौके पर ग्राम प्रमुख और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर भी आरोपी शांत नहीं हुआ और उत्तेजित व्यवहार करता रहा। संभावित अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, शासकीय कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

### यह कार्यक्रम नहीं, कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रियाः बग्गा

# प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा की बैठक

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी 12 एवं 13 मई को आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ग प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर सिंह बग्गा, जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र वैष्णव, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शिवकुमार बंजारा, नगर पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



वर्ग प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर सिंह बग्गा ने कहा कि, प्रशिक्षण वर्ग केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि, यह वर्ग सुविधाओं से युक्त हो, पर वैभव से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि, प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, संस्कार और संगठनात्मक अनुभव को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में लगाना ही सच्चे कार्यकर्ता का दायित्व है। साथ ही उन्होंने वर्ग की तैयारियों की लगातार निगरानी और समीक्षा करने की बात कही। जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने संगठनात्मक कार्यों का विभाजन करते हुए सभी पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, प्रशिक्षण वर्ग के बाद भी जिले में संगठन का कार्य अनुशासित और प्रभावी ढंग से चलता रहे, इसी उद्देश्य से जिम्मेदारियां तय की गई हैं। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, वे स्वयं प्रशिक्षण वर्ग से निरंतर सीखते रहे हैं, और उसका उपयोग सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावहारिक जीवन में करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित मुंगेली आगमन को लेकर भी कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

---

## निधन

### गौरीशंकर मिश्रा



**बिलासपुर।** ग्राम कड़ार चकरभाटा निवासी गौरीशंकर मिश्रा पिता स्व दिवाकर प्रसाद मिश्रा का 3 मई रविवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम बाम्हू में किया गया। वे कृष्ण कुमार मिश्रा के भाई थे।।

### अर्जुनलाल शुक्ला



**बिलासपुर।** अर्जुनलाल शुक्ला पिता स्व. लोकनाथ शुक्ला (केरा वाले) का 3 मई को पुणे में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 4 मई सोमवार को सरकंडा मुक्तिधाम में 4 बजे किया जाएगा। वे अभिज्ञान, मधुरिमा, सौम्या नीनी के पिता थे।

### अन्नपूर्णा मिश्र



**बिलासपुर।** भारतीय नगर निवासी अन्नपूर्णा मिश्र का 63 वर्ष की आयु में शनिवार 2 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर प्रहलाद मिश्र की पत्नी थीं।

### अशोक कुमार अरोरा



**बिलासपुर।** पोस्ट आफिस वाली गली टिकरापारा निवासी अशोक कुमार अरोरा का 2 मई को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 3 मई रविवार को मधुबन नारियल कोठी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सौरभ अरोरा के पिता, राजकुमार सलूजा व अनिल सलूजा के जीजा थे।

### शारदा दुबे



**बिलासपुर।** तोरवा मोपका निवासी शारदा दुबे का निधन हो गया है। वे शांतिनाथ दुबे की पत्नी थी। अंतिम संस्कार 4 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पुष्पेंद्र व विशु व मधुरंजन की मां थी।

### नीतीश ताम्रकार



**बिलासपुर।** टिकरापारा मन्नू चौक पोस्ट ऑफिस गली निवासी नीतीश ताम्रकार का 3 मई को निधन हो गया। वे 39 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 4 मई को दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे स्वर्गीय सीताराम ताम्रकार और ऋतु ताम्रकार के पुत्र थे।

### रघुनंदन शर्मा (समदरीया)



**बिलासपुर।** ग्राम अकलतरी वाले जिनका स्वर्गवास 3 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे प्रभुल शर्मा, गजानंद शर्मा, रवि शर्मा के भाई एवं अश्वनी शर्मा व तरुण शर्मा के पिता थे ।

### रघुनंदन सिंह नेताम



**तखतपुर।** ग्राम दर्री निवासी रघुनंदन सिंह नेताम का 55 वर्ष की आयु में 3 मई को निधन हो गया। वे राम नेताम, नारायण नेताम के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम दर्री में किया गया।

### प्रमोद कुमार रामटेके



**बिलासपुर।** प्रमोद कुमार रामटेके का 3 मई को 26 हो गया है। वे विगत कई दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी शव यात्रा हेमू नगर से तोरवा श्मशान घाट के लिए 4 मई को दोपहर 12 बजे रवाना होगी। वे डॉक्टर मधुबाला रामटेक के पति, पूर्णिमा गोंडाने के भाई, बाबूराव व दिलीप मैश्राम के दामाद थे।

---

#### शपथपत्र

शपथकर्ता ललिता ठाकुर, उम्र 75 वर्ष, पति विष्णु सिंह, पिता आसनराम ठाकुर, निवासी नया पारा धरमपुर, तहसील मुंगेली, छत्तीसगढ़ की/का निवासी हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती/करता हूँ कि–

यह कि मेरे द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा तखतपुर में दिनांक 07/07/2011 को राशि रू. 8000/–, रू. 10320/– तथा राशि रू. 4856/–, तथा दिनांक 14/06/2012 को राशि रू. 6000/–, तथा दिनांक 01/07/2008 को राशि रू. 7500/– का टर्म डिपॉजिट कराया गया था। जिनके संबंधित कागजातों पर मेरा नाम ललिता बाई एवं ललिता बाई ठाकुर तथा पिता का नाम विष्णु सिंह एवं विष्णु सिंह ठाकुर अंकित है। यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड संख्या 3954 5066 6298 पर मेरा नाम ललिता ठाकुर दर्ज है, किन्तु अंग्रेजी स्पेलिंग में मेरा नाम LKALITA THAKUR अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि ललिता बाई, ललिता बाई ठाकुर एवं ललिता ठाकुर ये सभी नाम मेरे ही हैं। किसी प्रकार की कोई असमानता पाए जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी। यह कि उक्त शपथपत्र उक्त टर्म डिपॉजिट परिपक्व होने पर उक्त जमा निधि को प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है तथा ललिता बाई, ललिता बाई ठाकुर दोनों नाम मेरे ही होने की पुष्टि के समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ।

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती/करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की समस्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही हैं।

स्थान: तखतपुर
दिनांक: 22/04/2026

#### प्रारूप (एक)
#### समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं गुरुचरण निर्मलकर (GURUCHARAN NIRMALKAR) पिता समय लाल निर्मलकर (SAMAY LAL NIRMALKAR), उम्र 47 वर्ष, निवासी–मकान नं. 12, गौरी गणेश कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, तह. व जिला–बिलासपुर (छ.ग.), जिसे अब तक गुरु चरण गंगोत्री पिता समय लाल गंगोत्री ने अपना नाम बदल कर गुरुचरण निर्मलकर (GURUCHARAN NIRMALKAR) पिता समय लाल निर्मलकर (SAMAY LAL NIRMALKAR) (नया नाम) रख लिया है।

**हस्ताक्षर (पुराने नाम से)**
**गुरुचरण निर्मलकर**

#### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
– :: ईश्तहार ::–

रा.प्र.क्र. . . बी 121/25–26
ग्राम कपसियाकला
प.ह.नं.19

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कपसियाकला प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. बी 121/24–25 के अनुसार आवेदक सुखनंदन पिता धनसाय निवासी ग्राम कपसियाकला तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने माता स्व. पंचकुंवर की मृत्यु दिनांक 10.11.2017 को होने के कारण जन्म / मृत्यु पंजीयन कर प्रदाय करने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 15/05/26 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 30/4/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया।

**नायब तहसीलदार,गनियारी**

#### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
#### ईश्तहार

मा.क्र. अ-27/2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरु प.ह.न. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार दुबे पिता स्व. रामभजन दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी सुचित्रा विहार, मंगला महर्षि स्कूल के पास वार्ड नंबर 14 बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया है कि मौजा घुरु प.ह.नं. 61 रा.नि.म. व तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 357/3 रकबा 0.0160 हे. कुल 0.4 डिसमिल भूमि आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज चला आ रहा है। यह कि आवेदक के नाम पर खसरा नंबर 357/3 मे से 02 डिसमिल भूमि एवं अनावेदक के नाम पर खसरा नंबर 357/3 मे से 02 डिसमिल कुल 04 डिसमिल भूमि का बंटवारा आपस में कर चुके है, राजस्व अभिलेख में बंटवारा किया जाना शेष है। अतः उक्त भूमि का आवेदक एवं अनावेदक के मध्य बराबर-बराबर खाता विभाजन किये जाने हेतु धारा 178 छ.ग.भू.रा. संहिता वास्ते खाता विभाजन किये जाने बाबत इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 06/05/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 4 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



## जागरूकता

# मारवाड़ी महिलाओं ने देहदान नेत्रदान का दिया संदेश



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति बिलासपुर ने राजकिशोर नगर स्थित शनि मंदिर परिसर में शरबत वितरण कर देहदान एवं नेत्रदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में समिति की सदस्यों ने बताया कि मृत्यु के उपरांत किया गया एक छोटा सा दान कई जीवन बचा सकता है और अंधकार में जीवन जी रहे लोगों को नई रोशनी दे सकता है। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने जागरूकता पोस्टर के माध्यम से लोगों को इस पुण्य कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समिति का उद्देश्य समाज में देहदान एवं नेत्रदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष मधु बगड़िया, रेखा सिंघानिया, सीमा चौधरी, सपना अग्रवाल, प्रीतो बुधिया, शारदा सिंघल, ज्योति अग्रवाल, पूनम मित्तल, खुशबू अग्रवाल मौजूद रहीं।

## आयोजन

# एसबीआई ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर



**बिलासपुर।** एसबीआई मंगला शाखा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका 150 लोगों ने लाभ लिया। 3 मई को एसबीआई मंगला शाखा द्वारा निःशुल्क रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें 150 लोग शामिल हुए। कैंप ग्रीन गार्डन कालोनी स्थित कम्युनिटी हाल में किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि एसबीआई के रीजनल मैनेजर दीपक शेखर प्रेम ने किया। उन्होंने कहा कि एसबीआई परिवार हमेशा सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करता है। बैंकिंग सेवा के लिए हमारे शाखा प्रबंधक अनिकेत झा ने सभी ग्राहकों का स्वागत किया। त्वरित बैंकिंग सेवा प्रदान करने हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। शिविर में शेर सिंह, योगेश तिवारी आदि का विशेष योगदान रहा। इसमें डा. सोफिया सुल्ताना ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। डा. भाव्या स्वर्णकार, डा. सुर्यांश नेमा, डा. मंधार गोकाते, अपोलो हास्पिटल के अजय जाडे ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। अंत में शाखा प्रबंधक श्री झा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्पोर्ट्स

# नेशनल कराते चैंपियनशिप में 6 कराते खिलाड़ी दिखाएंगे हुनर



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय आयोजित भिलाई में प्रदेश भर के कराते खिलाड़ी शामिल हुए। उक्त आयोजन के मुख्य आयोजनकर्ता छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष बी ब्रह्म्या नायडू, जनरल सेक्रेटरी अमल तालुकदार, ट्रेजरार डी रमेश एवं अन्य पदाधिकारी तथा सीनियर अनुभवी कराते प्रशिक्षकों सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया। उक्त कराते प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 4 से 7 जून तक देहरादून



उत्तराखंड में होगा। सब जूनियर, कैडेट, एवं जूनियर खिलाड़ी नेशनल कराते चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे उक्त राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में बिलासपुर के 6 खिलाड़ियों ने नेशनल कराते चैंपियनशिप में जगह बनाई है। बालिका एवं बालक खिलाड़ियों में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी दृष्टि कश्यप, समीक्षा सारथी,आरुग किरन एवं बालकों में आर्यव साव, साईं श्याम तुलनकर, उद्धव शर्मा थे। द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों में ख्याति वर्मा, दिशा कश्यप, एवं धीरज साहू रहे इसी क्रम में तृतीय स्थान में निरंजना एस पिल्लई, आन्या साहू, सानवी पांडेय, सौम्या साहू, अंकुर कौशिक तथा लक्षिता साहू, रीतू, लक्ष्य पटेल एवं जाफर अली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। बिलासपुर कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश पांडेय एवं सचिव हरिशंकर साहू एवं कोषाध्यक्ष एवं सेको काई बिलासपुर कराते स्कूल के राजेश सारथी सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे।

रविवार को शहर के 19 केंद्रों में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए आयोजित नीट का आयोजन हुआ, डिप्टी कलेक्टर नारायण गबेल ने बताया कि 7635 स्टूडेंट्स उपस्थित हुए, जबकि 261 छात्र अनुपस्थित रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 11 बजे से परीक्षा केन्द्रों में स्टूडेंट्स को जांच कर परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया, इस जांच के दौरान डार्क शर्ट, रक्षासूत्र, माला, रुमाल सहित अन्य सामग्रियां बाहर रखवा दी गईं। दोपहर डेढ़ बजे परीक्षा केन्द्र बंद हो गए, इसके बाद पहुंचे कई छात्रों को मायूस होकर लौटना पड़ा।

**मॉडरेट पेपर आने से कटऑफ बढ़ेगा**

### नीट की परीक्षा शहर के 19 केन्द्रों में हुई, 10 जून के बाद आएगा रिजल्ट

# फिजिक्स ने समय लिया तो बॉयो ने नंबर बढ़ाया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

दोपहर 2 बजे से परीक्षा शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक चली। इस 3 घंटे की परीक्षा में बॉयो, कैमेस्ट्री व फिजिक्स के प्रश्न पूछे गए, प्रश्नपत्र 720 नंबर का था, जिसमें 360 अंक बायोलॉजी,180 फिजिक्स और 180 कैमेस्ट्री के थे। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार का पेपर मॉडरेट रहा, फिजिक्स विषय ने जरूर समय लिया और यह थोड़ा टफ भी था, लेकिन बॉयो के आसान प्रश्नों ने नंबर बढा दिया। कैमेस्ट्री के पूछे गए प्रश्न ट्रैंड से हटकर थे, पूरा प्रश्नपत्र एनसीआरटी बेस्ड था। बता दें कि 2025 में पेपर कठिन होने से कटऑफ कम था, मगर इस बार छात्रों का पेपर अच्छा बनने से कटऑफ बढ जाएगा। मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए अधिक नंबर की जरूरत होगी जिन छात्रों को नंबर अधिक आएगा, उन्हें ही सरकारी कॉलेज आसानी से मिल पाएगा।

आचार्या कोचिंग के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का सपना कटऑफ पर निर्भर करेगा,पिछले वर्ष जनरल वर्ग में 473, ओबीसी में 472, एससी में 397 और एसटी वर्ग में 298 अंक पर सरकारी कॉलेज मिला था।



### कलेक्टर-एसपी ने अभिभावकों से बैठने का किया आग्रह

नीट की परीक्षा के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल व एसएसपी रजनेश सिंह द्वारा प्रत्येक केन्द्रों में जाकर निरीक्षण कर रहे थे। लालबहादुर शास्त्री स्कूल के परीक्षा केन्द्र में वे डेढ़ बजे पहुंचे, जब गेट बंद हो गया था। छात्रों के अभिभावक बड़ी संख्या में पेड़ के छाव के नीचे खड़े थे,यह देख बाहर निकलते समय कलेक्टर ने उनके पास जाकर बैठने के लिए आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा बच्चे अब परीक्षा दे रहे हैं, आप लोग आराम से बैठिए।

### 500 अंक के करीब जाएगा कटऑफ

2024 में ऑल इंडिया रैंक जनरल कैटेगरी में 650 अंक था और छत्तीसगढ में 593 नंबर पर तक गया था। वहीं 2025 में छत्तीसगढ़ में जनरल कैटेगरी में 473 तक कटऑफ गया था। इस बार पेपर सरल होने से कटऑफ बढेगा तो ऐसा माना जा रहा है कि इस बार 500 अंक के आस-पास तक इस बार कटऑफ जाएगा। हालांकि आंसर की और 15 जून तक रिजल्ट आने के बाद ही यह कंमर्फ हो पाएगा।



### रूमाल तक बाहर रखवाया गया

नीट की परीक्षा में छात्रों को बहुत बारीकी से जांच कर प्रवेश दिया जा रहा था, लालबहादुर शास्त्री स्कूल के परीक्षा केन्द्र में छात्र प्रवेश के दौरान जांच में वाइट रूमाल रखा था। उसे भी बाहर रखवा दिया गया। इसी तरह कई छात्रों ने हाथ में रक्षासूत्र बंधे थे तो कई माला पहनकर आए गए थे, इन सभी सामग्रियों को परीक्षा केन्द्र के बाहर ही निकलवा दिया गया।



# महाकुंभ पूजा के साथ माता को भक्तों ने नम आँखों से दी विदाई





**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

सोलापुरी माता पूजा महोत्सव का समापन रविवार को महाकुंभम पूजा के साथ हुआ। 10 दिनों तक चली पूजा दोपहर में विधि-विधान से पूजा सम्पन्न होने के बाद महाकुंभ भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाकुंभम का आयोजन ए कृष्णा राव, ए कुमारी, ए भास्कर एवं ए कार्तिक राव के द्वारा किया गया

मां सोलापुरी को भोग अर्पित करने का दृश्य अत्यंत अद्भुत रहा। रसोई स्थल से सिर पर टोकनी में गरम चावल लेकर पूजा समिति के सदस्य तेज़ी से दौड़ते हुए भोग स्थल तक पहुंचे,यह दृश्य श्रद्धा और उत्साह का अनोखा संगम था।

लगभग 4 क्विंटल चावल के साथ 31 प्रकार के भोग-पकवानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इनमें कपूर की लौ प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

### सोलापुरी माता की विदाई में उमड़े भक्त



सायं 6:30 बजे माता के विसर्जन की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गीली हल्दी से माता का स्वरूप बनाकर उसे मोगरे के सुंदर हार से सजाया गया और भव्य श्रृंगार किया गया। पंडित पार्थ सारथी एवं उनके सहयोगियों तथा बाल पुजारियों द्वारा बाजे-गाजे और ढपली के साथ माता की अंतिम पूजा की गई। इसके बाद शोभा यात्रा पूजा स्थल से प्रारंभ होकर बराखोली, वायरलेस कॉलोनी, रेलवे क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए एनई कॉलोनी, हेमूनगर, लोको कॉलोनी से गुजरती हुई श्री त्रिपुर सुंदरी मारी माई माता मंदिर में विसर्जित की गई। भक्तों ने मार्ग पर रंगोली तथा शीतल जल चढ़ाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जगह जगह माता का स्वागत कर भोग प्रसाद, रसना तथा पानी बांटा गया। इस प्रकार भक्ति, आस्था और उल्लास से भरे इस 10 दिवसीय सोलापुरी माता पूजा महोत्सव का समापन श्रद्धालुओं की नम आँखों और माता के जयकारों के साथ हुआ।

# बच्चों को बचपन से ही बनाएं निर्भीक : शास्त्री

**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग हुआ। मुख्य यजमान श्रेष्ठ बत्रा रहे। आचार्य जयदेव शास्त्री ने सत्यार्थ प्रकाश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को बचपन में ही निर्भीक बना देना चाहिए।

आचार्य ने समझाया कि सत्यार्थ प्रकाश में लिखा है कि जैसे पृथ्वी जड़ वस्तु है, वैसे ही सूर्य आदि ग्रह भी जड़ है। वह प्रकाश और तप के अलावा कुछ नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विषयों पर चर्चा करने व जानने के लिए हर रविवार को



आर्य समाज बहतराई रोड में हर रविवार को साढ़े 8 से साढ़े 10 बजे हवन और विचार विमर्श होता है। शास्त्रों पर चर्चा होती है। इस दिन परिवार सहित आकर इसका लाभ उठाएं। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने कहा कि अब ऋषि दयानंद की कृपा से लोग प्राचीन वैदिक सिद्धांतों को पुनः समझने लगे हैं और परस्पर नमस्ते करने लगे हैं। वेदों, रामायण, महाभारत आदि प्राचीन ग्रंथों में भी नमस्ते करना ही लिखा है और रामकृष्ण आदि भी नमस्ते ही करते थे क्योंकि सब वैदिक धर्म और सिद्धांतों को ही मानते थे। वैदिक धर्म लगभग दो वर्ष पुराना है। सृष्टि के आदि से ही वैदिक धर्म चला आ रहा है।

**कार्नर न्यूज**

### विश्व हास्य दिवस पर कंपनी गार्डन में महोत्सव का आयोजन

# सेहतमंद रहने जरूरी है अच्छी लाइफ स्टाइल : कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

लाफ्टर क्लब महासंघ के तत्वावधान में विवेकानंद उद्यान में विश्व हास्य दिवस पर एक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ आहार, अच्छी लाइफ स्टाइल जरूरी है।

मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल कलेक्टर, विशिष्ट अतिथि डीपी गुप्ता, दिनेश शुक्ला, प्रकाश जोशी, डॉ विनोद तिवारी थे। अध्यक्षता राजेंद्र अग्रवाल राजू ने की। विभिन्न क्लबों के अध्यक्षों ने श्रीफल, शॉल से मुख्य अतिथियों एवं कलेक्टर ने सभी क्लबों के एक-एक वरिष्ठ सेवाभावी सदस्यों का सम्मान किया। मनीष दत्त बैंक शाखा प्रबंधक व टीम ने शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित सभी अतिथियों का सम्मान किया। भुवन वर्मा संयोजक हरिहर ऑक्सीजोन ने कहा कि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग, बंजर होती धरा को बचाने हमें पॉलिथीन का उपयोग बंद करना ही होगा। हरिहर ऑक्सीजोन के संरक्षक सदस्य अनिल मुंदड़ा व सदस्यों ने कपड़े के थैलों में ऑर्गेनिक फ्रेश पौष्टिकत्तापूर्ण सब्जी का वितरण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने महासंघ के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई कि अब हम सिंगल प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग दिनचर्या में नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लोग हेल्दी रहने के लिए कई सारे तरीके अपनाते हैं। इन्हीं तरीकों में से एक लाफ्टर थेरेपी है। जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि बिलासपुर में विभिन्न उद्यानों से 20 क्लबों का संचालन होता है, जो प्रति सुबह केवल गुड हेल्थ बी हैप्पी पर काम करते हैं। अंत में सभी सदस्यों ने जुबा डांस किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न उद्यानों से संचालित हास्य योग केंद्र एवं क्लब के महिला, पुरुषों की सहभागिता रही।



### 70 से ज्यादा देशों के लोग करते हैं सेलीब्रेट

अध्यक्षता कर रहे श्री अग्रवाल ने कहा कि लोगों को हंसने के लिए प्रेरित करने और इसे लेकर जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल के मई के प्रथम रविवार को लाफ्टर डे मनाया जाता है। इस दिन को दुनिया भर के करीब 70 से ज्यादा देशों में सेलीब्रेट किया जाता है। सबसे पहले लाफ्टर डे 10 मई 1998 को भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में मनाया गया था।



### हंसना स्वास्थ्य के लिए अच्छा

डॉ विनोद तिवारी ने कहा कि विशेषज्ञों का भी कहना कि हंसी सेहत के लिए एक अच्छी दवा है। इतना ही नहीं कई अध्ययनों में भी यह साबित हुआ है कि हंसना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य हंसी के माध्यम से भाईचारे और मित्रता को बढ़ाना भी है।

## खबर संक्षेप

### फिनाइल पीने से पीड़ित युवक की मौत

**बिलासपुर।** फिनाइल पीने से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबा नगर निवासी सन्नी सारथी पिता बालकृष्ण सारथी 32 साल तीन दिन पूर्व में बीमारी से त्रस्त होकर फिनाइल पी लिया था। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 3 मई को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### शिक्षक के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जनगणना में गए एक शिक्षक के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 1 मई को बलौदाबाजार कसडोल निवासी शिक्षक नेतराम पैकरा जनगणना करने ग्राम घोघरा मकान नम्बर 141 रामकरेश चतुर्वेदी के घर गए थे। घर के लोगों से परिवार के सदस्यों के संबंध में जानकारी ले रहे थे। इसी दौरान गांव के निर्मल कुमार कांत पिता शंकरलाल 31 साल आया और विवाद करने लगा। उन्होंने ने अपना आईडी दिखाते हुए जनगणना करने आने की बात कहीं उसके बाद भी निर्मल ने उन्हें एक झापड़ मार दिया। शिक्षक श्री पैकरा गांव के ग्राम पंचायत में जाकर सरपंच से शिकायत कर रहे थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर निर्मल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। 3 मई को पुलिस ने फरार आरोपी निर्मल कुमार कांत को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

नाले के गलत निर्माण और अतिक्रमण के कारण होती है पानी भरने की समस्या

# साढ़े पांच करोड़ से बनेगा आरसीसी बॉक्स नाला, नहीं होगा जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख क्षेत्र में जल भराव की समस्या से निजात मिलने वाली है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा शहर को अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 करोड़ 55 लाख 87 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक 3×3 मीटर के आधुनिक आरसीसी बॉक्स नाले का निर्माण किया जाएगा। नाला निर्माण के बाद शहर के श्रीकांत वर्मा मार्ग, तालापारा मगरपारा और हंसा विहार जहां हर साल जल भराव होता हैं,उससे राहत मिलेगी।

- **कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक होगा निर्माण**

पुराना बस स्टैंड और श्रीकांत वर्मा मार्ग में पानी निकासी की खराब व्यवस्था, नाले के गलत निर्माण और अतिक्रमण के कारण, बस स्टैंड का परिसर जलमग्न हो जाता है, जिससे यात्रियों और बसों के लिए मुसीबत खड़ी हो जाती है। यहां कभी भी नाले का निर्माण ठीक से नहीं होने के कारण पानी का बहाव सही दिशा में नहीं होता। साथ ही बस स्टैंड के परिसर का धरातल नीचा होने के कारण पानी जमा हो जाता है। इसी तरह श्रीकांत वर्मा मार्ग और हंसा विहार कालोनी सड़क से नीचे होने के कारण यहां लबालब पानी भरा रहता है।

### नागरिकों की समस्या दूर होगी

शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। बिलासपुर में आरसीसी बॉक्स नाला निर्माण जैसी परियोजनाएं नागरिकों की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हमने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य गुणवत्ता और समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।



**- अरुण साव**
उपमुख्यमंत्री

### यह होता है आरसीसी बाक्स नाला

आरसीसी बॉक्स नाला को आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट भी कहा जाता है। एक आयताकार या वर्गाकार संरचना होती है जो सीमेंट कंक्रीट से बनाई जाती है। यह चारो तरफ से कंक्रीट (ऊपर, नीचे और दोनों तरफ) से घिरा होता है, इसलिए इसे बॉक्स कहा जाता है। इसमें कंक्रीट की मजबूती बढ़ाने के लिए स्टील की छड़ों का उपयोग किया जाता है। यह पानी के बहाव को सुगम बनाता है, बाढ़ को रोकता है और सड़क के ऊपर से गुजरने वाले ट्रैफिक का भार सहता है।

### हर चरण में जियोटैग्ड फोटोग्राफी अनिवार्य

अब नए बनने वाले आरसीसी नाले के बारे में अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा छत्तीसगढ़ वर्क्स डिपार्टमेंट मैनुअल एवं विभागीय प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। परियोजना के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु जियोटैग्ड फोटोग्राफी को अनिवार्य किया गया है।

### इसलिए भरता है इन क्षेत्रों में पानी

पुराने बस स्टैंड चौक के पास तारबाहर, विनोबा नगर, विद्यानगर, सीएमडी कालेज, मंझवापारा राजीव गांधी चौक, प्रियदर्शिनी नगर, अज्ञेय नगर, तालापारा, मरीमाई और श्रीकांत वर्मा मार्ग और उससे जुड़े 10 वार्डों का पानी पांच नालों के जरिए पहुंचता है। पूरा पानी दो नालों के जरिए जवाली नाले में मिलता है। बारिश में भारी मात्रा में पानी पहुंचता है, जिसकी निकासी संकरे नाले से नहीं हो पाती, इसलिए पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है।

# भतीजे के विवाद में साथ देने गए चाचा की चली गई जान

**बिलासपुर।** बीती रात लड़की से बात करने को लेकर हुए विवाद में चाकू से गला रेतकर एक व्यक्तिकी हत्या कर दी गई थी, बाद में पता चला है कि विवाद मृतक के भतीजे का था, वह भतीजे का साथ देने गया था और जान से हाथ धो बैठा। 2 मई 2026 की रात 10.30 बजे मोपका चौक गली में मोपका निवासी अभिषेक यादव की चाकू से गला रेतकर जघन्य हत्या कर दी गई थी। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, मृतक अभिषेक यादव के बड़े भाई के लड़के ओमप्रकाश यादव का मोपका चाल में रहने वाली एक युवती से जान पहचान थी। 1 मई की रात ओमप्रकाश यादव चाल के पास युवती से बातचीत कर रहा था। चाल में रहने वाले एक नाबालिग ने दोनों को देख लिया। उसने पूछताछ की तो उसका ओमप्रकाश से विवाद हो गया। उक्त नाबालिग ने लड़की के घर जाकर पूछताछ की, इससे युवती की मां ने उसे जमकर फटकार लगाई। 2 मई शाम को नाबालिग ने ओमप्रकाश को मिलने के लिए बुलाया। रात 10.30 बजे ओमप्रकाश यादव अपने चाचा अभिषेक यादव व अन्य दोस्तों के साथ मिलने गया। आरोपी आशीष सूर्यवंशी ने चाकू से अभिषेक यादव का गला रेत दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दो नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को तीन बालिग आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सोमवार को दोनों नाबालिगों को बाल न्यायलय में पेश किया जाएगा।

- **दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार**



मृतक।



गिरफ्तार आरोपी।

### पकड़े गए आरोपी

- आशीष सूर्यवंशी पिता सुखदेव सूर्यवंशी 22 साल सीपत टेकर हालमुकाम मोपका
- महावीर सूर्यवंशी पिता संतराम सूर्यवंशी 23 साल सीपत सेलर हालमुकाम मोपका
- रघुवीर सूर्यवंशी पिता संतराम सूर्यवंशी 26 साल सीपत सेलकर हालमुकाम मोपका
- दो नाबालिग

### आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में दो नाबालिगों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**-पंकज कुमार पटेल**
एडीशनल एसपी

### बाइक में अवैध शराब ले जाते कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बाइक में अवैध शराब लेकर जा रहे बाइक सवार कोचिए को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 52 पाव देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकराभाठा टीआई भावेश शेंडे को मुखबिर से सूचना मिली कि सिरगिट्टी ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से एक व्यक्ति बाइक में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री करने के लिए लेकर जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ घेराबंदी करते हुए बाइक सीजी 10 एएफ, 2553 में सवार अचानकपुर निवासी कैलास साहू पिता देवचरण साहू 25 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 52 पाव देशी शराब मिली। पुलिस ने शराब व बाइक जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### तीन दिशाओं से कुदूदण्ड में पुलिस ने मारा छापा

**बिलासपुर।** पुलिस ने तीन दिशाओं में कुदूदण्ड क्षेत्र में छापा मारकर नशाखोरी करने वालों की जांच की। इस दौरान हंगामा मचाने वाले एक बदमाश को पकड़कर उसकी जमकर खातिरदारी की गई है। वहीं कुछ संदिग्धों को पकड़कर कार्रवाई की जा रही है।

- **युवक की जमकर की खातिरदारी**

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को शिकायत मिली कि कुदूदण्ड व मंगला क्षेत्र में शाम होते ही नशाखोरी कर नशेड़ियों के द्वारा हंगामा मचाते हुए विवाद किया जाता है, जिससे महिलाओं व युवतियों को आने जाने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 3 मई की रात श्री परिहार ने एसीसीयू, सिविल लाइन, सिरगिट्टी पुलिस की तीन टीम बनाकर मंगला बस्ती, मुंगेली नाका सर्किट हाउस गली व नगर सेना मार्ग से छापा मारकर अड्डाबाजी करने वाले स्थानों में दबिश दी। एकाएक तीन दिशाओं से पुलिस बल को देखकर असामाजिक तत्वों व नशेड़ियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान हंगामा मचाने वाले विक्की पात्रे को पकड़कर उसकी जमकर खातिरदार कर थाने भेजा गया। पुलिस ने गलियों में घुसकर नशेड़ियों को दौड़ाया। मंगला आजाद चौक में बाइक में नियमानुसार नम्बर नहीं लिखने पर दो लोगों को पकड़ा गया। इसी तरह पुलिस को देखकर भाग रहे एक बदमाश को पकड़ा गया। वहीं गुण्डा बदमाश मंगला निवासी पुकू के घर की तलाशी ली गई। बहरहाल उसके घर से कोई भी संदिग्ध सामान हाथ नहीं लगा।









नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

**खबर संक्षेप**

## माशिमं की मेरिट आधारित स्कॉलरशिप परीक्षा



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित मेरिट आधारित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन तखतपुर के सेजेस में सफलतापूर्वक हुआ। परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस परीक्षा में चयन होने पर छात्राओं को कक्षा नवमीं से 12वीं तक प्रति माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। विद्यार्थियों के बैठने, पेयजल, प्रकाश एवं सुरक्षा के समुचित इंतजाम किए गए थे। परीक्षा निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। केंद्रों पर निरीक्षण दल भी सक्रिय रहा, जिसने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। समस्त परीक्षार्थियों ने अनुशासन एवं गंभीरता के साथ परीक्षा दी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक व द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा को संपन्न करने में केंद्र अध्यक्ष डी कुंजाम, ऑब्जर्वर जितेंद्र शुक्ला, उड़न दस्ता टीम के सदस्य एम केशरवानी, प्रभारी श्रीकांत मिश्रा संजय ठाकुर विनोद जायसवाल का योगदान रहा।

## आत्मानंद सिवनी के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में दिखाई प्रतिभा

**भरीडांड़।** जीपीएम जिले में मरवाही विकासखंड के स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल सिवनी के छात्रों



ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों ने टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। कुमारी मुक्ति देवी कंवर ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की टॉप-10 सूची में जगह बनाई है। वहीं, धीरज सिंह कमर, ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। मुक्ति देवी कंवर ने बताया कि वह आगे चलकर मेडिकल क्षेत्र में जाना चाहती हैं और लोगों की सेवा करना उनका लक्ष्य है। वहीं धीरज सिंह कमर ने इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने की इच्छा जताई।



**उत्पादों की जांच कर दिए गए आवश्यक निर्देश**

# खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर प्रशासन सख्त

**मुंगेली।** जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री और औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार' अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न केक एवं बेकरी प्रतिष्ठानों तथा थोक औषधि विक्रेताओं के यहां सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य शाखा की टीम ने मुंगेली शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में 10 बेकरी एवं फूड प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के भंडारण, निर्माण प्रक्रिया और उत्पादों की एक्सपायरी तिथि की जांच की गई। टीम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि खाद्य सामग्री को ढककर रखें, निर्माण में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, केवल मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग करें तथा एक्सपायरी उत्पादों की बिक्री न करें। कुछ प्रतिष्ठानों में खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए तथा बिना पंजीयन संचालित दुकानों को तत्काल खाद्य लाइसेंस लेने के निर्देश दिए गए। इसी तरह औषधि शाखा द्वारा जिले के 9 थोक दवा विक्रेताओं के यहां वैक्सीन स्टोरेज और कोल्ड चेन प्रणाली का निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर वैक्सीन निर्धारित तापमान में सुरक्षित रखी जा रही थी। दवा विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वैक्सीन स्टोरेज हेतु रेफ्रिजरेटर में पावर बैकअप अनिवार्य रखें, कोल्ड चेन की निरंतर निगरानी करें, बिना उचित तापमान नियंत्रण के वैक्सीन का उपयोग या वितरण न करें। प्रशासन द्वारा आमजनों को बेकरी उत्पाद खरीदते समय निर्माण एवं समाप्ति तिथि अवश्य जांचने, पैकेज्ड खाद्य सामग्री का उपयोग समय सीमा के भीतर करने और संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्य या दवा की जानकारी विभाग को देने कहा गया है।

## पुलिसकर्मियों के बच्चों ने किया रायपुर हवाई अड्डे का भ्रमण



**मुंगेली।** पुलिस परिवार कल्याण योजना के अंतर्गत पुलिसकर्मियों के बच्चों के सवांर्गीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल करते हुए स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम के संरक्षण एवं पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रक्षा एवं नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों से अवगत कराना एवं उन्हें पायलट जैसे प्रतिष्ठित कार्य के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान 23 छात्र-छात्राओं को हवाई अड्डे की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था एवं विमान संचालन की बारीकियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना, थल सेना, नौसेना, तटरक्षक बल, नागरिक उड्डयन एवं सीआईएसएफ में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण का समन्वय जिला पुलिस द्वारा ब्युरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्युरिटी रायपुर के सहयोग से किया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को फाइटर पायलट विंग कमांडर विवेक कुमार साहू एवं भारतीय वायु सेना के अन्य अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने छात्रें को पायलट एवं तकनीशियन बनने की प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड एवं चिकित्सा मानकों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त छात्रें को प्रशिक्षण विमान का अवलोकन कराया गया, जहां उन्होंने कॉकपिट चालक स्थान के उपकरणों एवं नियंत्रण प्रणाली को करीब से देखा। यह अनुभव उनके लिए अत्यंत उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जिससे उनके मन में देश सेवा हेतु उड्डयन क्षेत्र में करियर बनाने की नई ऊर्जा एवं आकांक्षा जागृत हुई। उक्त पहल पुलिस परिवार के बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण साबित हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि, इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे पुलिस परिवार के बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन एवं अवसर प्राप्त हो सके।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए 217 बच्चे



**लोरमी।** छग माशिमं द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में किया गया। केंद्राध्यक्ष एवं संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे विकासखंड के मिडिल स्कूल से कुल 245 परीक्षार्थी में से 217 उपस्थित एवं 28 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी शिफाली सोनी ने बताया कि, सिटी कोतवाली मुंगेली से प्राप्त प्रश्न पत्रों के पैकेट को थाने से लाकर ऑब्जर्वर एबीईओ सुनील शर्मा की उपस्थिति में खोल कर कुल 7 कमरों में छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया। परीक्षा दो पालियों में दोपहर 2.30 बजे तक संपन्न हुई। छात्र-छात्राओं ने बताया कि, अनुसूचित जाति-जनजाति के परीक्षार्थी को 50 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़े वर्ग तथा सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर शासन की ओर से प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होती है।

## सीएनआई चर्च में वीबीएस क्लास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




सीएनआई चर्च तखतपुर में आयोजित सात दिवसीय वीबीएस क्लास का समापन उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। इस आध्यात्मिक एवं रचनात्मक आयोजन की शुरुआत रेव नवीन मसीह की प्रार्थना से की गई।

यह वीबीएस क्लास 26 अप्रैल से 2 मई तक संचालित हुई, जिसमें प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक बच्चों के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बाइबिल के ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन की शिक्षा देना था। अधीक्षिका श्रुति प्रसाद एवं सिंधिया रानी ने बच्चों को बाइबिल के महत्वपूर्ण संदेशों से अवगत कराया गया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने आध्यात्मिक शिक्षा को सरल और रोचक तरीके से ग्रहण किया। इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेलकूद, नृत्य, पेंटिंग, टेबल गेम्स, बाइबल क्विज, रंग भरने की प्रतियोगिता सहित कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर इन गतिविधियों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को और भी सफल बना दिया। इस सेवा कार्य में मनीष प्रसाद, सुधा हीराधर, रूथ मधुकर बेनेट, राकेश मसीह सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रस्तुतियों के माध्यम से सीखी गई बातों को प्रदर्शित किया।

## सीएम ने दी मीसाबंदियों को सम्मानित करने की सहमति

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों मीसा बंदियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उन्हें ताम्रपत्र से सम्मानित करने की सहमति प्रदान की है। लोकतंत्र प्रहरी प्रदेश महामंत्री अंजना जायसवाल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर यह विशेष आग्रह किया था कि, प्रदेश के समस्त मीसा बंदियों को, चाहे वे जीवित हों या दिवंगत हो गए हों, शासन की ओर से ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाए। इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल सहमति जताते हुए संघ से कहा कि, वे अन्य राज्यों में दिए जाने वाले ताम्रपत्र का प्रोफार्मा और डिजाइन यथाशीघ्र शासन के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इस पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। मुलाकात के दौरान उपासने ने मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र के माध्यम से सरकार की वर्तमान पहल की भी सराहना की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में सच्चिदानंद उपासने के साथ रायपुर जिलाध्यक्ष सुहास देशपांडे, लोकतंत्र प्रहरी प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस और मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री अंजना जायसवाल भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## समारोह आयोजित कर बच्चों की बांटी गई अंकसूची



**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों का वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी अंकसूची वितरित की गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, शाला सदस्यगण, प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा, प्रधान पाठक मुकेश सिंह परिहार, परीक्षा प्रभारी प्रहलाद घिरें तथा सभी कक्षा शिक्षक महेश्वरी साहू, सुखचंद पाटले, ऐश्वर्या यादव, पुनेश्वर अनंत, वर्षा बंजारे, संगीत पाण्डेय, गणेश राम बंजारे, देवेंद्र पटेल, झरोखा लाल मिरी, नीलिमा किरण मिंज, कविता उपाध्याय, सेमिना जॉन, दयावती सहारे उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र ने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## शिशु मंदिर पथरिया के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पथरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। जिसमें पथरिया ब्लॉक मुख्यालय में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों का इस बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन सामने आया है। जहां कक्षा दसवीं में विद्यालय की कुमारी भूमि साहू ने 95.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं कक्षा बारहवीं विज्ञात संकाय में यश कुमार राजपूत ने 86.02 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। बारहवीं गणित संकाय में कुमारी पल्लवी ने 80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बारहवीं कला संकाय में नगर के अनुराग पाटकर ने 81 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में दसवीं के परीक्षा परिणाम में 57 विद्यार्थी प्रथम स्थान व 22 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, वहीं बारहवीं में 39 प्रथम और 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र-छात्राओं ने अपना सफलता श्रेय अपने शिक्षकों की पढ़ाई, समय समय पर काउंसलिंग और अपने माता-पिता व परिवार को दिया।

## महाराणा प्रताप स्कूल झाफल के बच्चों ने दिखाया दम



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में महाराणा प्रताप उमा विद्यालय ग्राम झाफल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। दसवीं में 35 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया, जिसमें प्रिंसी राजपूत 99 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम व जागृति घृतलहरे 97.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं कुमारी इशा अनंत ने 93.16 प्रतिशत रिया सिंह राठौर ने 92.3 प्रतिशत, प्रियंका राजपूत 91 ने प्रतिशत, राजनंदनी कश्यप ने 90.6 प्रतिशत, विमल कुमार साहू ने 90.6 प्रतिशत, अमन सिंह राजपूत ने 90 प्रतिशत, व कान्हा सिंह ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 61 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। राहुल साहू पिता ने 95.2 प्रतिशत, प्रिया राजपूत 91.8 प्रतिशत, पारसवी साहू 91.6 प्रतिशत, करण साहू 91.2 प्रतिशत, कल्याणी कुलमित्र 90.8 प्रतिशत, खुशाल जायसवाल 90.6 प्रतिशत, सुप्रिया सिंह राजपूत 90.2 प्रतिशत व देवी निर्मलकर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97.3 प्रतिशत रहा।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम देखकर गदगद हुए बच्चे



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले और संकुल समन्वयक रामकुमार साहू, संकुल प्राचार्य दीपक ध्रुव के मार्गदर्शन व प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप के कुशल निर्देशन में बच्चों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम बताए गए। शिक्षक उमाशंकर सिंह राजपूत ने कहा कि, यह बड़ा ही मजेदार दिन होता है, जब बच्चे जिज्ञासावश अपने प्रदर्शन का आंकलन करते हैं। कार्यक्रम को शिक्षिका पुष्पा चतुर्वेदी, प्रधान पाठक आत्माराम कश्यप, राकेश पांडे ने भी संबोधित किया। इस मौके पर होनहार छात्रों को उपहार देकर के सम्मानित किया गया। कक्षा 6वीं में सुमन कश्यप ने 93 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं भीगुराज कश्यप द्वितीय, काजल साहू दूसरे व माही कश्यप तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं 7वी में प्रथम स्थान राधिका साहू, द्वितीय लकेश्वरी साहू एवं मेघा ध्रुव, तृतीय स्थान प्रेमकुमार कश्यप को मिला। इस अवसर पर शिक्षक राजकुमार कश्यप, आरती गुप्ता, स्मिता क्षत्री, ललिता शर्मा, रामनारायण राजपूत मौजूद रहे।

## तारासिंह बुद्धसिंह स्कूल के बच्चों ने रचा नया कीर्तिमान




**मल्हार।** शासकीय सरदार तारासिंह बुद्धसिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार के बच्चों ने 12वीं व 10वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के साथ नया कीर्तिमान अपने नाम किया। अंचल के 43 वर्ष प्राचीन हायर सेकेंडरी स्कूल बुढीखार जहां पहले जोंधरा तक के बच्चे अध्यापन करने आते थे आज अध्यापन कक्ष व्यावसायिक शिक्षा कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय कक्ष के अभाव के बावजूद यहां के बच्चों ने 12वीं में 96.02 प्रतिशत एवं दसवीं में 91.22 प्रतिशत अंक लाकर साबित कर दिया कि, अगर पढ़ने का जुनून मन में हो तो अभाव में भी अच्छा परिणाम लाया जा सकता है। कक्षा 12वीं के बच्चों ने अच्छे परिणाम लाकर सफलता हासिल की। जिसमें प्रथम श्रेणी में 21 बच्चे, द्वितीय श्रेणी में 4 बच्चों ने स्थान बनाया। मेघा भारती 90 प्रतिशत, चांदनी कैवर्त 85 प्रतिशत, आशा केंवट 85 प्रतिशत, रुक्मणी कैवर्त 84 प्रतिशत, विष्णु चौहान 80.6 प्रतिशत, रागिनी 80.8 प्रतिशत,आरती 78.8 प्रतिशत, सानिया टंडन 76.6 प्रतिशत, लक्ष्मण 74 प्रतिशत, शारदा 72.6 प्रतिशत, सुजल निषाद 71.5 प्रतिशत, गंगा 71.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में 29 प्रथम श्रेणी, 22 द्वितीय श्रेणी, एक तृतीय श्रेणी स्थान प्राप्त किया। अर्चना 78.16 प्रतिशत, शिवा 78.5 प्रतिशत, रमाकांत 74.83 प्रतिशत, दिलेश्वरी 74 प्रतिशत, उदयनाथ 72.66 प्रतिशत ,अंजलि 72.16 प्रतिशत, शांति 71.8 3 प्रतिशत, करिश्मा 70.33 प्रतिशत, दीपांजलि 70.5 प्रतिशत एवं नंदलाल ने 70.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों का सम्मान



**मल्हार।** बद्रीप्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे शामिल हुए। प्राचार्य प्रदीप वैष्णव ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा, जिसमें कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के उप प्राचार्य गोकुल प्रसाद पाटले, करुणेश कुमार नापित, शुभम जोगी, मुकेश कुमार देवांगन, भारत लाल पटेल, रामलाल कैवर्त, विश्वनाथ निराला, कमलेश कुमार कुम्हार, यामिनी नापित, निमेष नापित, शालिनी नापित, हिमाक्षी साहू, हेमलता सोनी, संतोषी कैवर्त, जितेंद्र थवाईत, रामायण भानु, जया वैष्णव, सावित्री वर्मा, स्वाति यादव, महेंद्र यादव, संजू देवी यादव एवं सक्ती बाई सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हाई स्कूल बरेला की बोर्ड परीक्षा में अभूतपूर्व उपलब्धि



**जरहागांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल बरेला ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का परिचय देते हुए शत-प्रतिशत परिणाम अर्जित कर एक नई मिसाल कायम की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर को गर्वान्वित कर दिया है। इस वर्ष परीक्षा में कुल 73 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 65 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 8 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की समर्पित साधना और प्रभावी शैक्षणिक प्रबंधन का प्रतिफल है। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने गणित एवं सामाजिक विज्ञान जैसे चुनौतीपूर्ण विषयों में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह उपलब्धि न केवल उनकी बौद्धिक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली का भी प्रमाण है। विद्यालय की छात्राओं ने अपने अद्वितीय प्रदर्शन से सफलता का नया अध्याय रचा। नोमश्वरी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। हर्षिता 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, किरण 90.3 प्रतिशत के साथ तृतीय व गीता ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इन छात्राओं की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

## मेधावी विद्यार्थियों का बैंड-बाजे के साथ सम्मान



**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पेंड्रा में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य आर. एस. आर्मो की अध्यक्षता एवं विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रमेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 12वीं कक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ओमकार कैवर्त (97.4%), किशन लाल (93%), श्रीमयी शर्मा (92%), मोहित खांडेकर (90%), मिताली (86%) एवं चित्रगुप्त (86%) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं 10वीं कक्षा में अक्षर श्रीवास (91%) एवं योगिता रजक (89%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य अजय राय एवं विमल मिश्रा सहित शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य आर. एस. आर्मो ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य अतिथि रमेश तिवारी ने कहा कि यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है और उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहना चाहिए।

## बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र की बेटियों ने मारी बाजी



**मल्हार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार भी बेटियों ने बाजी मार ली। मध्य नगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा संध्या 87.8 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल में प्रथम रहीं, वहीं रामकुमारी ने 84.8 प्रतिशत, अतुल वर्मा 84 प्रतिशत व विकास चन्द्र ने 82 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसी तरह कक्षा 10वीं वृहस्पति ने 93.16 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नीलम 85.33 प्रतिशत व आयुषी देवांगन ने 84.66 प्रतिशत प्राप्त किए। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पचपेड़ी के विद्यार्थी हरिओम लोहार ने 80.8 प्रतिशत अंक हासिल किया व उनकी बहन रुक्मणी लोहार 67.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। देव संस्कृति विद्यालय चिल्हाटी की कक्षा 12वीं की छात्रा ग्राम धुवाकारी निवासी लीना कोमल भारद्वाज की पुत्री सरिता भारद्वाज ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 473 अंक लेकर 94.6 प्रतिशत के साथ अव्वल रहीं।

## मिनीमाता स्कूल टिकारी के बच्चों ने रचा इतिहास



**मल्हार।** मिनीमाता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकारी में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति कोसरिया ने कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। संसाधनों की कमी के बाद भी विद्यालय में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में अनमोल टंडन ने 93 प्रतिशत, निक्की यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं गणित में अमीर कांत ने 97 प्रतिशत, बायो में पल्लवी, निभा ने 96 प्रतिशत, आर्ट में सिमन भार्गव ने 95 प्रतिशत एवं कॉमर्स में पवन देव निराला ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## गुरुकुल उमा विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**तखतपुर।** गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कक्षा 5वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों की संख्या 29 रही। प्रीति ठाकुर पिता पवन ठाकुर ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सौम्या ठाकुर 98.5 प्रतिशत द्वितीय व वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में 51 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया। इसमें प्रथम प्रांजल साहू, 96 प्रतिशत, द्वितीय प्रियांशु देवांगन 95.83 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर खुशी दुबे 95.67 प्रतिशत रही। विद्यालय के डायरेक्टर अवधेश सिंह ठाकुर ने कहा कि, बोर्ड परीक्षा का डर कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने से समाप्त हो जाता है। प्राचार्य अरविन्द कुमार ने कहा कि, अधिक से अधिक अंक लाने के लिए एकाग्रता और गुरु की बातों को ध्यान में रखकर शिक्षा ग्रहण करने से सफलता सुनिश्चित होती है।

## शत प्रतिशत रहा आत्मानन्द स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम



**लोरमी।** आत्मानंद स्कूल में कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम का परिणाम 96 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार से कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम का परिणाम 81 प्रतिशत व 10 वीं हिंदी माध्यम का परिणाम 77 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम साइंस के छात्र भीमेश्वरी कश्यप ने 89.4 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, 12वीं कॉमर्स में शैलेश जयसवाल ने 87.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रहे। कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम रोहित ढीमर ने 96.33 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 12वीं हिंदी एग्रीकल्चर का परिणाम 91. 6 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं हिंदी माध्यम की छात्रा झलक जायसवाल ने 90 प्रतिशत एवं श्रेष्ठ गुप्ता ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही साला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष विश्वास दुबे , संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और आगे भी मेहनत करने की बात कही।